सूर्योदय 6:07 सूर्यास्त 6:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.5 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.0 न्यू | 28.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82988.78 |
| निफ्टी | 25383.75 |
| सोना 75,050 | चांदी 92,571 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




टीम इंडिया ने जमकर बहाया पसीना

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 17 सितंबर 2024 | 2 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 271, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी बार हत्या की कोशिश



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दूसरी बार हमला हुआ है। एफबीआई ने इसे हत्या का प्रयास बताया है। जब ट्रंप अपने फ्लोरिडा स्थित घर में गोल्फ खेल रहे थे, तभी लगभग 300 मीटर की दूरी पर कोर्स के किनारे झाड़ियों के बीच से किसी ने गोली चलाई। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एलन मस्क ने एक्स पर लिखा कि कमला हैरिस और जो बाइडेन की हत्या करने का कोई एक भी प्रयास नहीं कर रहा है।

### 17वें करमापा की जल्द हो सकती है भारत वापसी



**धर्मशाला।** तिब्बती बौद्ध धर्म के 900 वर्ष पुराने करमा कग्यु बौद्ध पंथ के मुखिया 17वें करमापा उग्येन त्रिनले दोरजे दिसंबर 1999 से निर्वासन में रहने के बाद जल्द ही भारत लौट सकते हैं। 25 अगस्त को स्विटजरलैंड के ज्यूरिख में दलाईलामा के साथ तिब्बती आध्यात्मिक नेता की हाल ही में हुई मुलाकात ने उनके अनुयायियों के बीच उम्मीदों को फिर से जगा दिया है। उन्हें जल्द ही भारत में फिर से प्रवेश करने की अनुमति मिल सकती है।

### कनाडा के कोलंबिया प्रांत में 6.5 तीव्रता का भूकंप



**वैंकूवर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के उत्तरी तट पर दो भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि पहले आए भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र वैंकूवर से लगभग 1,720 किलोमीटर उत्तर में स्थित हैदा ग्वाई द्वीपसमूह के पास 33 किलोमीटर की गहराई में था। वहीं, दूसरी बार 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी सुनामी चेतावनी केंद्र ने बताया कि इन भूकंपों के कारण सुनामी आने का कोई खतरा नहीं है।

### ऊना से गुजरने वाली ट्रेनें 19 सितंबर तक कैंसिल

**ऊना।** हिमाचल के ऊना, अंब-अंदौरा और दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशनों से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की परेशानियां बढ़ जाएंगी, क्योंकि ऊना रेलवे स्टेशन में सेकंड लूपलाइन का कार्य चल रहा है। इसके चलते ऊना से होकर गुजरने वाली सभी पैसेंजर्स ट्रेनों को 19 सितंबर तक कैंसिल कर दिया गया है। ये ट्रेनें नंगल डैम, आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब रेलवे स्टेशन से संचालित होंगी। अंब-अंदौरा से सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस मंगलवार को छोड़कर पहले की तरह अप/डाउन करेगी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गलत खानपान से युवाओं में बढ़ा हार्ट अटैक का खतरा -पेज 2
- वन विभाग ने रुकवाया निर्माण कार्य -पेज 3
- व्यापार मंडल और हिंदूवादी संगठनों ने किया प्रदर्शन -पेज 12
- बिहार में विवादित झंडा लहराने पर दो लोगों को किया गिरफ्तार -पेज 13
- भारतीय पुरुष टीम ने अजरबैजान को हराया -पेज 14


# उद्घाटन से पूर्व पहली वंदे मेट्रो बन गई नमो भारत रैपिड रेल

## पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ, यात्रियों से की बात

एजेंसी, भुज ( गुजरात )

**अहमदाबाद** से भुज के बीच चलने वाली वंदे मेट्रो ट्रेन का नाम उद्घाटन से ठीक पहले बदल दिया गया। यह ट्रेन अब 'नमो भारत रैपिड रेल' के नाम से जानी जाएगी।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात, गांधीनगर में वंदे भारत मेट्रो का उद्घाटन किया। इस मेट्रो का शुभारंभ करते हुए उन्होंने गुजरातवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। मेट्रो के उद्घाटन के बाद पीएम ने खुद इस मेट्रो में सफर किया और यात्रियों से बातचीत भी की। रैपिड रेल का उद्देश्य 'इंटरसिटी कनेक्टिविटी' को बढ़ाना है। यह भुज से अहमदाबाद तक 359 किमी. की दूरी 5:45 घंटे में तय करेगी। ट्रेन नौ स्टेशनों पर रुकेगी। यह सेवा 17 सितंबर को अहमदाबाद से शुरू होगी।

> 'इंटरसिटी कनेक्टिविटी' को बढ़ाना रैपिड रेल का उद्देश्य

**5:45** घंटे में पहुंचेंगे भुज से अहमदाबाद

**359** किलोमीटर की दूरी

मेट्रो में किया सफर



**455** किराया

**12 कोच** 1,150 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था

**यात्रा** का किराया 455 रुपए होगा। रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि मंत्रालय ने वंदे मेट्रो का नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेल करने का फैसला किया है। रेल मंत्रालय के अनुसार, जहां अन्य मेट्रो ट्रेन केवल छोटी दूरी तय करती हैं। वहीं, नमो भारत ट्रेन अहमदाबाद को उसके आसपास के शहरों से जोड़ेगी। इसमें 12 कोच हैं और 1,150 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है।

# आतंक को पाताल में करेंगे दफन : शाह

## गृह मंत्री ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जेएंडके के पद्दर-नागसेनी और किश्तवाड़ में की जनसभाएं

एजेंसी, गुलाबगढ़ ( जम्मू-कश्मीर )



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पद्दर-नागसेनी और किश्तवाड़ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन केंद्र शासित प्रदेश में इसे इतना नीचे 'पाताल' में दफन किया जाएगा कि ये कभी बाहर न आ सकें।

उन्होंने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस का गठबंधन जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना पाएगा। शाह ने कहा कि उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए। राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला की सरकार बनी तो क्या होगा? शाह ने कहा कि मैं आज यहां कहता हूं, जिनके मंसूबे जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने के हैं, उनके पास अभी भी समय है। वे वापस चले जाएं, नहीं तो भारतीय सेना और सुरक्षाबल यहां तैनात हैं। यहीं पर ठिकाने लगा दिए जाओगे। शाह ने कहा कि मोदी ने जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को मजबूत किया। मैं पूछना चाहता हूं फारूक अब्दुल्ला से कि आपकी तीन पुश्तों ने राज किया, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कभी मिला था?

> कहा- जिनके मंसूबे आतंक फैलाने के, वे वापस चले जाएं

### आरक्षण खत्म करना चाहती हैं नेकां-कांग्रेस


**यह** चुनाव दो ताकतों के बीच है। एक तरफ नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी (पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) और दूसरी तरफ भाजपा। नेकां-कांग्रेस कह रही हैं कि अगर हम सरकार बनाते हैं, तो हम अनुच्छेद-370 को बहाल करेंगे। मुझे बताइए कि क्या इसे बहाल किया जाना चाहिए? भाजपा ने पहाड़ी और गुज्जर समुदायों व अन्य लोगों को जो आरक्षण दिया है, उसे छीन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिंता मत कीजिए। मैं कश्मीर में स्थिति देख रहा हूं और आश्वस्त रहिए, जम्मू-कश्मीर में न तो फारूक अब्दुल्ला की पार्टी की सरकार बन रही है और न ही राहुल गांधी की पार्टी की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी विकसित कश्मीर बनाना चाहते हैं।

### पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा

**जम्मू**-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 24 सीटों पर 18 सितंबर को होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों पर 219 उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा 16 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) गठबंधन सभी सीटों पर उतरा है। पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती भी पहली बार मैदान में हैं। अधिकांश सीटों पर त्रिकोणीय या फिर बहुकोणीय मुकाबला है। पहले चरण में जम्मू संभाग के डोडा, किश्तवाड़, रामबन व कश्मीर संभाग के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों की 24 सीटों पर चुनाव हो रहा है।

# सिंघवी की याचिका निरस्त करने वाली महाजन की अर्जी खारिज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**हिमाचल** हाईकोर्ट में सोमवार को राज्यसभा चुनाव को चुनौती देने वाली अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर सुनवाई हुई।

कोर्ट ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन की उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अभिषेक मनु सिंघवी ने 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव को चुनौती दी थी। महाजन के अधिवक्ता अरविंद ने बताया कि याचिका में कहीं भी कोई आरोप सांसद हर्ष महाजन पर नहीं है, इसलिए आज उन्होंने अदालत से सिंघवी की याचिका को खारिज करने का आग्रह किया था, लेकिन कोर्ट ने महाजन की एप्लिकेशन को खारिज करते हुए सिंघवी की याचिका का 2 सप्ताह में जवाब देने के आदेश दिए हैं।

## जांच रिपोर्ट में खुलासा: जहर देने से नहीं, हार्ट अटैक से हुई थी मुख्तार अंसारी की मौत



**नई दिल्ली।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत जहर देने से नहीं, बल्कि हार्टअटैक से हुई थी। इसका खुलासा डीएम की सरकार को सौंपी जांच रिपोर्ट में हुआ है। यूपी की बांदा जेल में बंद रहे अंसारी की 28 मार्च को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने जेल प्रशासन पर स्लो प्वॉइजन देने का आरोप लगाया था, जिसको लेकर मजिस्ट्रियल जांच कराई गई। इस मामले में जिलाधिकारी ने रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें मुख्तार की मौत की वजह जहर नहीं, बल्कि हार्ट अटैक बताई गई है।


## राजस्थान में जीप व टैंकर में भिड़ंत 8 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र में एक जीप और टैंकर की भिड़ंत में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पंद्रह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि उदयपुर जिले के ओगणा के रहने वाले ये श्रमिक जीप में बैठकर बालोतरा जिले के नाकोडाजी में मजदूरी के लिए जा रहे थे।

इस दौरान पालनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर सामने से आ रहा टैंकर और उनकी जीप टकरा गए। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को उदयपुर रेफर किया गया है, जबकि अन्य को सिरोही के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा हिमाचल : सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 'व्यवस्था परिवर्तन' की नवीन पहल के माध्यम से आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव रखी है।

प्रदेश की वित्तीय अर्थव्यवस्था सुधारने और आमजन की खुशहाली सुनिश्चित करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार के पास राज्य की 23000 करोड़ रुपए की धनराशि लंबित है, जो अभी तक प्रदेश को जारी नहीं हुई है। भाखड़ा बांध प्रबंधन बोर्ड के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल के पक्ष में फैसला सुनाया है, लेकिन अभी तक बीबीएमबी ने 4500 करोड़ का बकाया नहीं दिया है। केंद्र सरकार यह धनराशि राज्य को जारी कर दे, तो हिमाचल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करेगा। भाजपा नेतृत्व ने राज्य की वित्तीय स्थिति के बारे में पीएम मोदी को गुमराह किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान कोषागार कभी भी ओवरड्राफ्ट नहीं हुआ है और संबंधित तथ्य भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से सत्यापित किए जा सकते हैं।

## हिमाचल को समग्र जल विद्युत क्षमता में पुरस्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



प्रह्लाद जोशी से पुरस्कार लेते सुंदर ठाकुर और नीरज नैयर।

**हिमाचल** के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। जल विद्युत क्षमता में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए छोटे पहाड़ी राज्य को वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं एक्सपो में समग्र जल विद्युत क्षमता में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

राज्य सरकार की ओर से मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर और विधायक नीरज नैयर ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

**साजिश** जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों में खलल डालने की मंशा

# पाकिस्तानी सैन्य बंकरों में छिपे हैं 80 आतंकी

अशोक ठाकुर, जम्मू



**जम्मू**-कश्मीर में दस वर्ष बाद 18 सितंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए लगातार आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं।

पिछले एक हफ्ते में सीमा पार से तीन बार आतंकी घुसपैठ का प्रयास किया है। एक बार सीजफायर का उल्लंघन हुआ। तीन बार आतंकियों से मुठभेड़ हुई हैं। जेएंडके में होने वाले चुनाव को लेकर पाकिस्तान में बौखलाहट है। सूत्रों के अनुसार, एलओसी पर करीब 80 आतंकी घुसपैठ के लिए डेरा जमाए हुए हैं, जो पाकिस्तानी रेंजरों के बंकरों में छिपकर बैठे हुए हैं। इन आतंकियों को घुसपैठ कराने में पाकिस्तानी सेना मदद कर रही है।

पूर्व रक्षा विशेषज्ञ रिटायर बिग्रेडियर विजय सागर मानते हैं कि अनुच्छेद-370 हटने के बाद जेएंडके में पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, इसलिए पाकिस्तान इसमें खलल डालना चाहता है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश दिया जाए कि लोग इससे खुश नहीं हैं। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों का कहना है कि राजौरी, पुंछ, बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा एलओसी, सांबा और कठुआ बॉर्डर पर जैश-ए मोहम्मद व लश्कर-ए तैयबा के आतंकी छोटे-छोटे समूह मौजूद हैं। पाक सेना के बंकर में चार से पांच आतंकी समूह बनाकर बैठे हुए हैं, जिन्हें घुसपैठ करने के लिए कहा गया है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई आतंकी संगठनों पर घुसपैठ करने का दबाव बना रही है। (अनंत ज्ञान)

> एक हफ्ते में तीन बार हो चुका घुसपैठ का प्रयास

### सात दिन में हुई वारदातें

- **8 सितंबर :** नौशेरा सेक्टर में दो आतंकी घुसपैठ करते ढेर।
- **9 सितंबर :** पुंछ-दिगवार सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम।
- **11 सितंबर:** उधमपुर के बसंतगढ़ में दो आतंकी ढेर।
- **11 सितंबर:** जम्मू के कानाचक बॉर्डर पर पाकिस्तान ने पोस्ट को निशाना बनाकर फायरिंग की, जवान घायल।
- **13 सितंबर :** किश्तवाड़ में आतंकियों के हमले में सेना के दो जवान बलिदान, 2 घायल।
- **14 सितंबर :** बारामूला में आतंकियों से मुठभेड़, तीन मार गिराए।
- **14 सितंबर :** नौशेरा एलओसी पर दिनदहाड़े घुसपैठ, जवान घायल।







मंडी। छोटी काशी में विघ्न विनाशक गजानन गणपति गणेश भगवान की लगभग 12 दर्जन मनमोहक प्रतिमाएं सोमवार को हनुमान घाट पर विसर्जित कर दीं गईं। इस मौके पर उमड़े भक्तजन। (फोटो : जय ठाकुर)

## सस्त्र में लखदाता पीर या मजार!

**विक्रम ढटवालिया, (हमीरपुर)**

जिला मुख्यालय के साथ सटे सस्त्र गांव में एक धार्मिक स्थल पर विवाद खड़ा हो गया है। यहां पर जिस शेड नुमा जगह पर यह निर्माण शुरू किया गया था, उसे न केवल रुकवाया गया है, बल्कि वन विभाग ने निर्माण की सारी सामग्री को उठाकर कब्जे में ले लिया है। विवाद की असल जड़ यह है कि यह लखदाता पीर का स्थान है, या फिर मजार! इसी वजह से विवाद बड़ा हो गया है। इसी कारण वन विभाग को काम रुकवाना पड़ा है।

उधर, वन विभाग ने उस जगह की निशानदेही के लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी है। उधर, हिंदू संगठन भी सक्रिय हो गए हैं।

दरअसल में मटानी स्थित स्कूल के ठीक सामने का यह मसला अब सुबह से ही इसलिए तूल पकड़ गया है, क्योंकि 100 मीटर की दूरी पर मस्जिदें भी हैं। यह मस्जिदें निजी भूमि पर हैं? लेकिन विवाद बढ़ाने वाले इनकी भी निशानदेही की मांग कर रहे हैं।

दरअसल काम पिछले रोज सुबह शुरू हुआ था। टीननुमा इस जगह के भीतर चारों तरफ बाउंड्री बॉल दी जा रही थी। वहां पर टाईलिंग करने का भी प्लान था। (अनंत ज्ञान)

# वन विभाग ने रुकवाया निर्माण कार्य




जिला हमीरपुर के सस्त्र गांव में वन विभाग की कार्रवाई के बाद हटाया गया निर्माण कार्य।

## निशानदेही के लिए तहसीलदार को किया आवेदन : चंदेल

हमीरपुर स्थित रेंज ऑफिसर अजय चंदेल ने बताया कि इस जगह की निशानदेही के लिए तहसीलदार को आवेदन किया जा रहा है लेकिन क्योंकि वहां पर मजार के लिए टीननुमा शेड बनाया हुआ है।

अब वहां पर चार दिवारी भी लगाई जा रही थी इसीलिए निशानदेही जरूरी है लगा यही रहा है कि यह फॉरेस्ट की जगह है। कब्रिस्तान तो वहां है नहीं।

वहीं मौके पर पहुंचे वन विभाग के गार्ड शुभम ठाकुर का कहना था कि निर्माण को रुकवा दिया गया है और सारी सामग्री को उठवाकर फेंक दिया गया है।




## स्थानीय लोगों ने किया वन विभाग को सूचित

**निर्माण** कार्य की जैसे ही स्थानीय लोगों को भनक लगी तो उन्होंने वन विभाग को फोन करके इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों का कहना था कि यह जगह निजी नहीं, वन विभाग की हो सकती है और यहां पर मजार बनी हुई है। उसे और खास तरीके से प्रोटेक्ट करने की मंशा से यह काम शुरू हुआ था।

अब क्योंकि प्रदेश में इस समय मस्जिद विवाद पहले ही तूल पकड़ चुका है और इस जगह पर यह निर्माण आग में घी डालने वाला साबित होने लगा है। इसीलिए जैसे ही सुबह अधिकारियों को पता चला, फॉरेस्ट गार्ड और उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की सामग्री को उठा लिया, जो निर्माण कार्य हुआ था, उसे भी गिरा दिया गया।

### यहां कोई मजार नहीं : भागदीन

**इधर** लख दाता पीर कमेटी के अध्यक्ष भागदीन का कहना है कि यहां कोई मजार नहीं है। लखदाता पीर का स्थान है, हर साल यहां पर छिंज आयोजित होती है। जो निर्माण हो रहा था। वह राई का पहाड़ बना दिया गया है। यहां पहले से ही कब्रिस्तान भी है। वन विभाग ने यहां पर चीड़ के पौधे लगाए थे और यह कई वर्षों से कब्रिस्तान के रूप में ही मौजूद है।

## न्यूज ब्रीफ

### नौहरा खड्ड के पास रिहायशी मकान व वाहन क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ विकास खंड की उपतहसील पझोता के सबसे दूर दराज क्षेत्र टाली भुज्जल पंचायत के नौहरा खड के साथ भारी भुस्खलन की चपेट में एक दो मंजिला रिहायशी मकान व दो तीन वाहन आ गए।



गनीमत यह रही कि इस भुस्खलन में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार उपर पहाड़ी की और लगभग दो सी मीटर ऊपर जंगल से बड़ी बड़ी चट्टाने नोहरा खड टाली पांब सड़क को लांघते हुए नेरीपूल पुलबाहल सड़क पर गिरी इन चट्टानों ने एक रिहायशी मकान सहित तीन वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया इस भुस्खलन में राजेंद्र सिंह का दो मंजिला मकान पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस मकान को खाली करा दिया गया है और राजेंद्र सिंह के परिवार को साथ लगते वन विभाग के विश्राम गृह में ठहराया गया है। क्योंकि यहां अभी और भी भारी भुस्खलन का खतरा बना हुआ है। इसके साथ साथ इस भूस्खलन की चपेट में अल्टो कार नंबर एच पी 08 ए 6478 व अल्टो कार नंबर एचपी16 ए 1826 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई इसके साथ साथ पिकअप नंबर एचपी16 3841 को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस भूस्खलन में लगभग 15 लाख का नुकसान बताया जा रहा है। उधर नायब तहसीलदार पझौता प्रकाश चंद पांटा ने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए नियमानुसार राहत प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

### नाबालिगा के अपहरण का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में भोंरज की रहने वाली महिला ने नाबालिग लड़की के अपहरण करने की मामला दर्ज करवाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने लड़की की तलाश शुरू कर दी है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पोती रविवार को करीब 1.30 बजे घर से अपने छोटे भाई के साथ स्थानीय मंदिर में गई थी और अपने भाई को एक जगह पर बैठाकर वहां से चली गई। महिला ने बताया कि शाम के समय उसका पोता रोता हुआ घर आ गया परंतु उसके साथ उसकी बहन वापस नहीं आई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### यूनिवर्सल कार्टन में पहली बार पहुंची 1.11 करोड़ सेब की पेटियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** यूनिवर्सल कार्टन में मंडियों में पहली बार 1.11 करोड़ सेब की पेटियां पहुंची है। हिमाचल की जीडीपी में पांच करोड़ की मजबूत आर्थिकी का मुख्य आधार सेब की महक देश भर में फैल रही है। महानगरों सहित देश के हर राज्य में शौक के साथ लोग हिमाचली सेब की मिठास का आनंद ले रहे हैं। ये फल बहुत मेहनत करने के बाद मंडियों में पहुंचता है। इस साल पहली बार हिमाचली सेब यूनिवर्सल कार्टन के माध्यम से देशभर की मंडियों में पहुंच रहा है, जिससे बागवानों के उत्पाद की गुणवत्ता की सुरक्षा के साथ उन्हें बेहतर दाम मिल रहे हैं। सरकार के इस प्रयास से बागवानों को नई दिशा व आर्थिक स्थिति में और अधिक सुधार की उम्मीद जगी है। प्रदेश में कृषि उत्पाद विपणन समिति के अंतर्गत मंडियों और समितियों के माध्यम से स्थापित नियंत्रण कक्षों एपीएमसी में मंडियों के बाहर से जाने वाले माल के पंजीकरण के तहत अभी तक शिमला एवं किन्नौर समिति में 71 लाख 48 हजार 757, सोलन से 19 लाख 47 हजार 511, कुल्लू एवं लाहौल-स्पिति कृषि उत्पाद विपणन समिति की ओर से 13 लाख 16 हजार 68 यूनिवर्सल कार्टन के माध्यम से सेब देश की मंडियों में भेजा गया हैं। कांगड़ा विपणन समिति से 5,201, सिरमौर 1,312, ऊना समिति के माध्यम से 918, बिलासपुर 456, हमीरपुर से 1921 व चंबा कृषि उत्पाद विपणन समिति की ओर से 30 पेटी यूनिवर्सल कार्टन का कारोबार भी किया गया हैं वहीं एचपीएमसी द्वारा भी करीब 50 हजार यूनिवर्सल कार्टन प्रदेश की विभिन्न मंडियों में भेजे गए हैं।

# सुनियोजित तरीके से फैलाई जा रही सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर अधिवेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीटू, हिमाचल किसान सभा, एसएफआई, जनवादी महिला समिति, डीवाईएफआई, एआईएलयू व अन्य जनवादी संगठनों ने हिमाचल प्रदेश में आरएसएस व इसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा सुनियोजित तरीके से फैलाई जा रही सांप्रदायिक घटनाओं, एक समुदाय विशेष के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा का वातावरण बनाने के खिलाफ, मस्जिदों के नाम पर अल्पसंख्यकों में भय का माहौल बनाने के खिलाफ तथा प्रदेश में भाईचारा, एकता, अमन चैन स्थापित करने के लिए शिमला के कालीबाड़ी हॉल में एक विशाल अधिवेशन का आयोजन किया।

अधिवेशन में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। अधिवेशन को कॉमरेड राकेश सिंघा, संजय चौहान, विजेंद्र मेहरा, जगत राम, फालमा चौहान,



शिमला के कालीबाड़ी हॉल में आयोजित अधिवेशन में भाग लेते विभिन्न संगठनों के लोग।

जगमोहन ठाकुर, सत्यवान पुंडीर, अनिल ठाकुर, हितेंद्र ठाकुर, कमल शर्मा, सन्नी सिकटा, संतोष, सोनिया, महेश वर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, रीना तंवर, राजेंद्र चौहान आदि ने संबोधित किया।

अधिवेशन ने निर्णय लिया कि जनता की व्यापक एकता, सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारा, अमन चैन स्थापित करने के लिए 27 सितंबर को शिमला शहर में विशाल रैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश हमेशा से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे अपने सामाजिक मानकों के लिए देश में जाना जाता रहा है। हमारा प्रदेश भाईचारे, अमन चैन,

### 27 सितंबर को शिमला में विशाल रैली निकालने का हुआ अधिवेशन में फैसला

सांप्रदायिक सद्भाव, एकता की देश में एक मिसाल रहा है। प्रदेश की जनता ने हमेशा संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है। देश के संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता अंकित है जहां सब धर्मों को समानता का अधिकार है। संविधान किसी भी नागरिक में धर्म जाति क्षेत्र नस्ल के आधार पर भेदभाव नहीं करता है।

परंतु पिछले कुछ दिनों में सुनियोजित सांप्रदायिक हिंसा ने देश व विदेश में हिमाचल प्रदेश की छवि को धूमिल किया है। आरएसएस व इसके संगठनों द्वारा प्रायोजित सांप्रदायिक तनाव से प्रदेश के सबसे बड़े आर्थिक संसाधनों में से एक पर्यटन उद्योग पर भारी खतरा मंडरा रहा है।

## मोदी 3 .0 विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने का अहम पड़ाव : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों में देश में 15 लाख करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलांयास किया गया। मात्र 100 दिन में विकास की ऐसी गाथा लिखने की क्षमता सिर्फ दुनिया में अकेले नरेंद्र मोदी के अंदर है। प्रधानमंत्री द्वारा भारत के विकास के लिए किए जा रहे विकासात्मक कार्य विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



परफॉर्मेंस और टाइमली डिलीवर करने की जो राजनीति नरेंद्र मोदी ने शुरू की उसका परिणाम आज देश के सामने हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। आज दुनिया के सभी देश भारत की तरफ़ आशा भरी नज़रों से देख रहे हैं। नरेंद्र मोदी के पिछले दो कार्य कालों की तरह तीसरा कार्यकाल भी ऐतिहासिक होगा। नरेंद्र मोदी ने चुनाव के दौरान स्पष्ट कहा था कि तीसरा कार्यकाल भारत के निर्माण का स्वर्णकाल होगा। दो कार्यकालों में जो सुधार और नीतिगत व्यवस्थाएं की गई है उसका लाभ समूचे देश को मिल रहा है। आने वाला समय हर लिहाज़ से ऐतिहासिक होगा।

## बाहरी राज्यों के मुस्लिम 10 दिन के भीतर करवाएं पंजीकरण: इस्लामिया

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिमला के संजौली में उपजे मस्जिद विवाद के बाद मुस्लिम संस्थाएं बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों को लेकर सख्त हुई हैं। नाहन की अंजुमन इस्लामिया ने बाहरी क्षेत्र से आए मुस्लिम व्यापारियों को 10 दिन के भीतर डेडलाइन जारी करते हुए पंजीकरण करवाने की चेतावनी दी है। अंजुमन इस्लामिया का कहना है कि अगर बाहरी क्षेत्र से आए मुस्लिम व्यापारी पंजीकरण नहीं करवाते हैं, तो मजबूरन उन्हें ऐसे लोगों का विरोध करना पड़ेगा।

अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष गुल मनोवर उर्फ बॉबी अहमद ने बताया कि हिमाचल में बाहरी क्षेत्र से आने वाले लोग माहौल बिगाड़ रहे हैं। आपसी भाईचारा खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे बाहरी क्षेत्र से आने वाले व्यापारियों को पुलिस थाना में पंजीकरण अवश्य करवाना



चाहिए। नाहन शहर की अगर बात करें, तो अंजुमन इस्लामिया की आयोजित हुई बैठक में निर्णय लिया कि बाहरी क्षेत्र से मुस्लिम समुदाय से संबंध रखने वाले व्यापारियों को 10 दिन के भीतर पंजीकरण करवाने के लिए कहा गया है, अगर यह व्यापारी पंजीकरण नहीं करवाते हैं, तो अंजुमन इस्लामिया उनका विरोध करेगी। यह लोग नाहन शहर की मस्जिदों में भी नमाज अता करने आते हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की कोई घटना होती है, तो उनका भी नाम खराब होता है।

## स्वच्छ हिमाचल की दिशा में राह दिखा सकता है बघाट : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि वर्ष 1948 में हिमाचल के नामकरण का गवाह बना बघाट आज पुन: प्रदेश को नशामुक्त एवं स्वच्छ हिमाचल बनाने की दिशा में राह दिखा सकता है। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मशीवर के मां भगवती मंदिर लुगासण में आयोजित बघाटी सामाजिक संस्था के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे।



स्वास्थ्य मंत्री ने बघाट रियासत के अंतिम शासक राजा दुर्गा सिंह को इस अवसर पर सभी की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सोलन जिला ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश का राह दिखाई है। आज सोलन पुन: नशा मुक्त एवं स्वच्छ हिमाचल के निर्माण में सबका मार्गदर्शन कर सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि जिला प्रशासन, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाएं और जनमानस एकजुट होकर कार्य करें। डॉ. शांडिल ने सामुदायिक शैड लुगासण के लिए 3 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने धारों की धार में सामुदायिक शैड के निर्माण के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली ने बघाट क्षेत्र के इतिहास की सारगर्भित जानकारी प्रदान की।

ग्राम पंचायत मशीवर के प्रधान नरेन्द्र ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए क्षेत्र की मांगों से उन्हें अवगत करवाया। बघाटी सामाजिक संस्था के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और क्षेत्र विशेष की संस्कृति से अवगत करवाया।

**लोकार्पण** राज्यपाल ने किया माधव सृष्टि बहुआयामी शिक्षण संस्थान का लोकार्पण, कहा–

# शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, सच्ची शिक्षा वह है जो विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास करे, उन्हें जीवन में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करे, और उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाए। राज्यपाल ने ये बात आज यहां सोलन जिले के सलोगड़ा स्थित गण की सेर में माधव सृष्टि बहुआयामी शिक्षण संस्थान के लोकार्पण अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि माधव सृष्टि संस्थान द्वारा निर्मित यह बहुआयामी शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय द्वारा आसपास के विद्यार्थियों को सार्थक शिक्षा प्रदान कर स्वस्थ, सशक्त, अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहा




कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, साथ हैं अन्य गणमान्य व्यक्ति।

है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस संस्था में माधव गौशाला का निर्माण कर गौ उत्पादकों के अतिरिक्त औषधियां एवं अन्य कृषि योग्य उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण केंद्र विकसित किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह संस्थान विद्यार्थियों को स्वस्थ, सशक्त, और अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने कहा कि आज देश को ऐसे ही शिक्षण संस्थानों की आवश्यकता है जो न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाएं।

उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज को बदलने तथा भारतीय परम्पराओं के अनुरूप उत्कृष्ट सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी सोच व्यक्ति को महान बनाती है और यह सोच यहां माधव सृष्टि बहुआयामी शिक्षण संस्थान में उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे हमारे राष्ट्र की उन्नति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे सकारात्मक प्रयासों का स्वागत किया जाना चाहिए।

### सभागार में हवन और भूमि पूजन किया

राज्यपाल ने माधव योग सभागार में हवन और भूमि पूजन किया। प्रमुख समाज सेवी डॉ. कृष्ण गोपाल ने इस अवसर पर भारतीय मूल्य परम्परा और विकास के विकेंद्रीकरण विषय पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। योग भारतीय हिमाचल प्रदेश के संस्थापक श्रीनिवास मूर्ति ने संस्थान की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। हिमाचल शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह कोष्ठा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, अन्य भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलपति तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# बिलासपुर में वाटर टूरिज्म के बाद अब ईको टूरिज्म की संभावनाएं ढूंढेंगे : डीसी

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला में वॉटर टूरिज्म शुरू करने के बाद डीसी आबिद हुसैन सादिक अब ईको टूरिज्म की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

बिलासपुर जिला में ईको टूरिज्म शुरू करने की प्लानिंग को लेकर डीसी ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की है और आदेश जारी किए हैं कि एक सप्ताह के भीतर जिला की ईको टूरिज्म साइट्स बताई जाएं और उन साइट्स का विजिट करने के बाद उन्हें ईको टूरिज्म साइट घोषित किया जाएगा, जिसके बाद प्रशासन यहां पर स्थानीय लोगों को वह जमीन लीज आउट करेगा और यहां पर कुल्लू–मनाली जाने से पहले बिलासपुर में ही प्रत्येक सुविधा प्रदान की जाएगी।

इससे न केवल बिलासपुर जिला का पर्यटन की दृष्टि से विकास होगा बल्कि स्थानीय लोगों को



रोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे। खबर की पुष्टि बिलासपुर डीसी आबिद हुसैन सादिक ने की है।

अभी तक प्रशासन ने जिला की बंदलाधार और बहादुरपुर धार को चिन्हित किया है। इसके साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को जिला की अन्य ईको टूरिज्म डेवलेप करने के लिए स्थान चिन्हित करने को कहा गया है, जिसके बाद उपायुक्त स्वयं इन स्थानों का निरीक्षण करेंगे और जल्द से जल्द इन साइटों को डेवलेप किया जाएगा और बिलासपुर जिला में पहली बार ईको टूरिज्म शुरू होगा। हालांकि वन विभाग की बात करें तो विभाग के इन स्थानों पर अपने रेस्ट हाउस हैं, लेकिन इन साइटों पर अन्य कई सुविधाएं नहीं है।

ऐसे में प्रशासन प्लान कर रहा है कि इन ईको टूरिज्म साइट में कई अन्य प्रकार की गतिविधियां भी शामिल की जाएगी, जिससे पर्यटकों को एक ही स्थान पर प्रत्येक सुविधा मिल सके।

गौरतलब है कि काफी सालों पहले वन विभाग की ओर से बहादुरपुर साइट को ईको टूरिज्म साइट चिन्हित किया गया था। साथ ही इस साइट पर एक सर्किट भी बनाने का प्लान किया गया था, ताकि पर्यटक इस स्थान पर टैकिंग भी कर सके, लेकिन बजट के अभाव के चलते यह कार्य पूरा नहीं हो पाया था और यह प्लान वन विभाग को ठंडे बस्ते में पड़ गया। (अनंत ज्ञान)

अनंत सागर

अपर्याप्तं तदस्माकं बलं भीष्माभिरक्षितम्।
पर्याप्तं त्विदमेतेषां बलं भीमाभिरक्षितम् ॥

**भीष्म** पितामह द्वारा रक्षित हमारी वह सेना सब प्रकार से अजेय है और भीम द्वारा रक्षित इन लोगों की यह सेना जीतने में सुगम है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 17 सितंबर 2024



# जयपुर के सूर्य मंदिर पर पड़ती है सूरज की पहली और आखिरी किरण

**नूनं जनाः सूर्येण प्रसूता अयन्नर्थानि कृणवन्नपाँसि।**

**अर्थात :** *सूर्य से प्रेरणा लेकर मनुष्य जिस मात्रा में कर्म करता है, उसी मात्रा में उसे पदार्थों का लाभ मिलता है।*


**जयपुर** में यूं तो अनेक मंदिर हैं पर गलताजी की पहाड़ी पर स्थित सूर्य मंदिर इन सबमें अनूठा है। यह मंदिर गलताजी धाम की ओर जाने वाले पैदल मार्ग के रास्ते में आता है। यह मंदिर पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक है। इस प्राचीन मंदिर की स्थापना जयपुर के संस्थापक सवाई जयसिंह ने करवाई थी। पहले यहां आठ इंच की अष्टधातु निर्मित भगवान सूर्य नारायण की आकर्षक प्रतिमा स्थापित थी। इस प्राचीन सूर्य मंदिर में सूर्य नारायण अपनी पत्नी के साथ स्थापित किए गए हैं। रविवार के दिन दूर दूर से भक्त मंदिर में सूर्यदेव के दर्शन करने आते हैं। मंदिर से संपूर्ण जयपुर शहर दिखाई देता है, एक झलक में जयपुर को देखने का यह नजारा पर्यटकों को खूब भाता है। यहां सूर्य सप्तमी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। सूर्यदेव की आरती के बाद गलता घाटी से सप्त घोड़ों से सुसज्जित भगवान सूर्य की रथयात्रा निकाली जाती है। महाराजा सवाई जयसिंह ने जयपुर को बसाने से पूर्व नगर की सुख-शांति के लिए चारों दिशाओं में मंदिर बनवाए थे। पूर्व दिशा में भगवान सूर्यदेव, पश्चिम में चांदपोल स्थित हनुमानजी, दक्षिण में मोतीडूंगरी के गणेशजी तथा उत्तर में गढ गणेशजी को मंदिर बनवाकर विराजमान किया गया था। जयपुर रियासत के राजा सूर्यवंशी थे। उन्होंने सबसे पहले भगवान सूर्य का मंदिर निर्मित कराया गया। मंदिर में सूर्य भगवान के साथ उनकी पत्नी का विग्रह स्थापित है। एक अन्य दूसरे विग्रह में सूर्य देव झूले पर विराजमान हैं। वास्तु के नजरिए से यह मंदिर अनोखा है। सूर्य मंदिर न केवल आध्यात्मिक, धार्मिक एवं दर्शनीय स्थल है बल्कि जयपुर का सूर्योदय और सूर्यास्त बिंदु भी है। जयपुर की सूरज की पहली और आखिरी 90 डिग्री की किरण इसी मंदिर पर पड़ती है।

## प्रतिमा को स्पर्श करने की घटना साल में दो बार

**प्रतिमा** को स्पर्श करने की घटना साल में दो बार होती है। यानी एक बार मार्च में चैत्र नवरात्र के दौरान और दूसरी बार 21 सितंबर के बाद अश्विन नवरात्र में। दोनों बार 15 दिन तक किरणों का सूर्यदेव की प्रतिमा पर स्पर्श होता है। सूर्य मंदिर न केवल आध्यात्मिक, धार्मिक एवं दर्शनीय स्थल है, बल्कि जयपुर का सूर्योदय और सूर्यास्त बिंदु भी है।

## शरीर पर सूर्य किरण पड़ने से बनता है आदित्य योग

**सूरज** की पहली किरण पृथ्वी पर पड़ने पर नकारात्मक शक्ति यों को समाप्त कर देती है, साथ ही सकारात्मक ऊर्जा को प्रभावित करती है। खास बात यह है कि सूर्य की किरण जब शरीर पर पड़ती है तो उससे आदित्य योग का निर्माण होता है, यह योग मनुष्य की आत्म शक्ति को बढ़ाने वाला होता है। इसी सूर्य किरण के साथ प्रकृतिक संयोग बने यानी पेड़ों के मध्य से होते हुए यह किरण मनुष्य के शरीर को स्पर्श करती है तो बुद्धादित्य योग का निर्माण होता है। इसमें किरण व्यक्ति को उर्जा के साथ बुद्धिवान भी बनाने का काम करती है। सूर्य किरण का ज्योतिष शास्त्रों में विशेष महत्व बताया गया है। नये साल की पहली किरण का स्पर्श सालभर उर्जा से भरने वाला है।






## पूर्व दिशा में दक्षिण मुखी है यह मंदिर

**जयपुर** में यूं तो अनेक मंदिर हैं, पर सूर्य मंदिर अनूठा है। सूर्य भगवान का यह मंदिर पूर्व दिशा में स्थित दक्षिणमुखी है। मंदिर पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग की ओर से संरक्षित स्मारक है।

## गलता कुंड में डुबकी लगाने की परंपरा

**मकर** संक्रांति पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। चूंकि गलता तीर्थ है इस नाते मकर सक्रांति पर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार लोग स्नान करने पहुंचते हैं। श्रद्धालु गलता कुंड में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य की उपासना करते हैं और यहीं से दान-पुण्य का दौर भी शुरू होता है। यहां पंगत बिठाकर गरीबों को भोजन कराने की भी परंपरा है। यहां भगवान सूर्य की पूजा और हवन आदि भी कराए जाते रहे हैं।

## नकारात्मक शक्तियों को दूर करती है सूर्य की किरणें

**ज्योतिषाचार्यों** के अनुसार सूरज की पहली किरण जहां भी पृथ्वी पर पड़ती है वहां नकारात्मक शक्ति यां समाप्त हो जाती हैं। इसके साथ ही यह सकारात्मक ऊर्जा को प्रभावित करती हैं। खास बात ये है कि सूर्य की किरण जब शरीर पर पड़ती है तो उससे आदित्य योग का निर्माण होता है। ये योग मनुष्य की आत्म शक्ति को बढ़ाने वाला होता है। वहीं मेडिकल साइंस के अनुसार सूर्य की किरणों में विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में पाई जाती है जो शरीर व हड्डियों को मजबूत करने में लाभदायक होता है। इसके अलावा यह त्वचा की एलर्जी को भी खत्म करता है।

## दूर-दूर से आते हैं भक्त

**मकर** संक्रांति और सूर्य सप्तमी के अलावा प्रत्येक रविवार को दूर-दूर से भक्त मंदिर में भगवान सूर्य के दर्शन करने आते हैं। इस मंदिर से जयपुर शहर का विहंगम दृश्य भी नजर आता है। यही वजह है कि इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक भी यहां पहुंचते हैं।

# कुंडली में पितृ दोष और उपाय



**जन्म के समय व्यक्ति अपनी कुंडली में बहुत से योगों को लेकर पैदा होता है। यह योग अच्छे, बुरे और मिश्रित फल प्रदान करने वाले हो सकते हैं। कई बार व्यक्ति को अपनी परेशानियों का कारण नहीं समझ आता, तब वह ज्योतिषीय सलाह लेता है। तब उसे पता चलता है कि उसकी कुंडली में पितृ दोष बन रहा है और इसी कारण वह परेशान है। कुंडली में 14 प्रकार के शापित योग हो सकते हैं, जिनमें पितृ दोष, मातृ दोष, भ्रातृ दोष, मातुल दोष, प्रेत दोष आदि को प्रमुख माना गया है। इन शाप या दोषों के कारण व्यक्ति को स्वास्थ्य हानि, आर्थिक संकट, व्यवसाय में रुकावट, संतान संबंधी समस्या आदि का सामना करना पड़ सकता है। पितृ दोष के बहुत से कारण हो सकते हैं। उनमें से जन्म कुंडली के आधार पर कुछ कारणों का उल्लेख किया जा रहा है, जो निम्नलिखित हैं:**

## इन भावों में सूर्य-राहु या सूर्य-शनि की युति

**जन्म** कुंडली के पहले, दूसरे, चौथे, पांचवें, सातवें, नौवें या दसवें भाव में यदि सूर्य-राहु या सूर्य-शनि एक साथ स्थित हों तब यह पितृ दोष माना जाता है। इन भावों में से जिस भी भाव में यह योग बनेगा उसी भाव से संबंधित फलों में व्यक्ति को कष्ट या संबंधित सुख में कमी हो सकती है। सूर्य यदि नीच का होकर राहु या शनि के साथ है तब पितृ दोष के अशुभ फलों में और अधिक वृद्धि होती है। किसी जातक की कुंडली में लग्नेश यदि छठे, आठवें या बारहवें भाव में स्थित है और राहु लग्न में है तब यह भी पितृ दोष का योग होता है। जो ग्रह पितृ दोष बना रहे हैं यदि उन पर छठे, आठवें या बारहवें भाव के स्वामी की दृष्टि या युति हो जाती है तब इस प्रभाव से व्यक्ति को वाहन दुर्घटना, चोट, ज्वर, नेत्र रोग, ऊपरी बाधा, तरक्की में रुकावट, बनते कामों में विघ्न, अपयश की प्राप्ति, धन हानि आदि अनिष्ट फलों के मिलने की संभावना बनती है। जन्म कुंडली में दशम भाव का स्वामी छठे, आठवें अथवा बारहवें भाव में हो और इसका राहु के साथ दृष्टि संबंध या युति हो रही हो तब भी पितृ दोष का योग बनता है। यदि जन्म कुंडली में आठवें या बारहवें भाव में गुरु व राहु का योग बन रहा हो तथा पंचम भाव में सूर्य-शनि या मंगल आदि क्रूर ग्रहों की स्थिति हो तब पितृ दोष के कारण संतान कष्ट या संतान से सुख में कमी रहती है। बारहवें भाव का स्वामी लग्न में स्थित हो, अष्टम भाव का स्वामी पंचम भाव में हो और दशम भाव का स्वामी अष्टम भाव में हो तब यह भी पितृ दोष की कुंडली बनती है और इस दोष के कारण धन हानि या संतान के कारण कष्ट होता है।

**प्रस्तुति : अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

## उपाय

**यदि** आपकी कुंडली में उपरोक्त पितृ दोष में से कोई एक बन रहा है तब आपको जिस रविवार को संक्रांति पड़ रही है या अमावस्या पड़ रही है उस दिन ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए तथा लाल वस्तुओं का दान करना चाहिए। उन्हें यथा संभव दक्षिणा भी देनी चाहिए। पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष के प्रभाव में कमी आती है।

# गुरु-राहु युति, गुरु चंडाल योग शुभ या अशुभ

### ❋ गुरु के धन स्थान में राहु

**इससे** धन संग्रह उत्तम होता है। पूर्वार्जित धन-दौलत रहती है। उसमें तरक्की होती है। नौकरी उत्तम होती है। कार्यालय में अपना दबदबा बना रहता है। खून के व्यवहार में नम्रता रहती है। बुद्धि शांत तथा विचारी रहती है। पूर्वार्ध का काल बहुत अच्छा व्यतीत होता है।

### ❋ गुरु के तृतीय स्थान में राहु

**बचपन** में शाला तथा महाविद्यालय में नाम कमाते हैं। युवावस्था में अति बुद्धिमान होकर आगे बढ़ते हैं। इनकी विद्वत्ता के साथ कोई स्पर्धा नहीं कर सकता। इनके भाई-बहनें नहीं रहते। कुछ संततिहीन देखे गए हैं।

### ❋ गुरु के चतुर्थ स्थान में राहु

**प्रथम** तो संतति नहीं होती। अगर हो तो पहला लड़का पागल निकलता है। खुद का नाम हो जाता है। अपनी प्रगति के साथ आगे की पीढ़ी नष्ट होने लग जाती है। कायदे पंडित बनना तथा बड़े-बड़े अधिकारों पर रहना इस योग की विशेषता है।

### ❋ गुरु के पंचम स्थान में राहु



**ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा**
**जोगिंद्रनगर**

**संतति** नहीं देता। अगर हो तो एक लड़का होता है। जलराशि का योग बहुत संतति देता है, परंतु संतति जन्म लेते ही मां-बाप को कष्ट होने लग जाते है। इस संतति की चिंता नित्य करनी पड़ती है। खुद आगे चलकर नाम कमा लेते है।

### ❋ गुरु के षष्ठ स्थान में राहु

**व्यवसाय** बंधु निष्कारण द्वेष करते है। परंतु इन पर उसका कुछ परिणाम नहीं होता।

### ❋ गुरु के सप्तम स्थान में राहु

**यह** एक अति प्रबल योग है। इस में राष्ट्र के नेता, प्रधान, सेनापति, बड़े बड़े अधिकारी, न्यायाधीश, बड़े कायदे पंडित, बैरिस्टर, बड़े बड़े कारखानदार, बड़े-बड़े धनीमानी जो स्वप्रयत्न तथा खुद के पराक्रम से धनी बने है तथा अति बुद्धिमान लोग जन्म ले लेते है। दिखता है कि यह योग पुत्र संतति नहीं देता है। कुछ लोगों को द्विभार्या करते देखा।

### ❋ गुरु के अष्टम स्थान में राहु

**संतति** ठिक नहीं होती। लडकियां पैदा होती हैं। मृत्यु आने में दिन, समय तथा काल का ज्ञान पहले ही हो जाता है। धन भरपूर मिलता है।

### ❋ गुरु के नवम स्थान में राहु

**नामवरी** होती है। वकील, प्रोफेसर, कवि, नट, नाटककार बनते है। परंतु यह नास्तिक जैसा बन जाता है। शायद संतति नहीं होती है।

### ❋ गुरु के दशम स्थान में राहु

**संतति,** संपत्ति, मानसम्मान, नामवरी, अधिकार, ऐश्वर्य आदि सब कुछ प्राप्त होता है। संतति में से कोई एक पागल बन जाती है। कोई एक चिंता पीछे बनी रहती है।

### गुरु के लाभ स्थान में राहु

**यहां** नामवरी होती है। संतति के संबंध में जो फल है उनको छोड़कर अन्य सब शुभफल प्राप्त होते है। धंधे तथा बड़ी नौकरी प्राप्त होकर उनमें धनलाभ बहुत होता है।

### गुरु के व्यय स्थान में राहु

**भयंकर** शुभफल प्राप्त होते है। परिस्थिति से झगड़ते-झगड़ते आगे बढते है। भयंकर प्रसिद्धी मिलती है। संतति, संपत्ति, मानसम्मान, ऐश्वर्य अधिकार आदि भरपूर मिलता है।



# ऐनन माता मंदिर में पूरी होती हैं सबकी मनोकामनाएं

## मंदिर में मां कालका एवं मल्लमाता के रूप में साक्षात विराजित हैं मां भवानी

**भटियात,** डलहौजी एवं पड़ोसी राज्य जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों में माता ऐनन मंदिर को लेकर एक बहुत ही आस्था है। ऐनन माता मंदिर में मां कालका एवं मल्लमाता के रूप में साक्षात मूर्ति के रूप में विराजित है। यहां माता के स्वरूप के दर्शन मात्र से ही मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। यह मंदिर नैनीखड्ड-खैरी मुख्य मार्ग पर स्थित है। एनएच 154-ए पर स्थित गांव नैनीखड्ड से लगभग 10 किलोमीटर एवं खैरी से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर यह मंदिर है । इसकी सुंदरता एवं भव्यता देखते ही बनती है। एक ओर जहां झरना इस मंदिर की शोभा को चार चांद लगता है तो वहीं दो नालों का संगम भी इसकी शोभा को बढ़ाता है। मंदिर के सेवादार एवं ऐनन माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके सेवानिवृत्त शेर सिंह ने बताया कि माता ऐनन कालका एवं मल्लमाता का इतिहास बड़ा ही दुर्लभ एवं विचित्र है, जिसका अंत नहीं है। हमारे पूर्वजों एवं बुजुर्गों के अनुसार सदियों पहले जब गुरु गोरखनाथ देवी-देवताओं व अपने अनुयायियों के साथ यहां आए थे, जिन्होंने उस जगह खड्ड के किनारे डेरा लगाया, जहां आज मंदिर है। अगले दिन जब गोरखनाथ जी अपनी मंडली सहित प्रस्थान करने लगे तो मां भवानी जो गोरख मंडली का एक अहम हिस्सा थीं, उन्होंने जाने से इनकार कर दिया और माता इसी स्थान पर रुक गईं। बुजुर्गों ने यह भी बताया कि जब सतयुग में यहां के आसपास के गांवों के लोग अपने मवेशियों को चराने आया करते थे उसे दौरान मां बच्चों के साथ खेला करती थीं। कई बार बच्चों के बीमार होने या चोटग्रस्त हो जाने पर मां अपने स्पर्श मात्र से ही उन्हें ठीक कर दिया करती थी। धीरे-धीरे मां की महिमा बढ़ने लगी और लोगों में मां के प्रति आस्था बढ़ती गई और मनोकामनाओं के पूरा होने का सिलसिला भी जारी हो गया। जैसे ही किसी की मनोकामना पूरी होती तो मां के मंदिर में चिन्ह के रूप में एक त्रिशूल अर्पित किया जाता था। देखते ही देखते वहां लाखों त्रिशूल एकत्रित हो गए, जहां आज मंदिर स्थित है। माता ऐनन का मूल स्थान जम्मू-कश्मीर राज्य के गांव सुकराला में है। माताजी का वास्तविक रूप दुर्गा का ही है। यहां से माताजी आई हैं, वहां पर उनकी मूर्ति विशेष अर्थात संगम रूपी है। इनका एक हिस्सा देवी कालकाजी का है तो दूसरा हिस्सा देवी मल्ल रानी का है। देवी मां मल्ल रानी और कालका जी दोनों सखी सहेलियां हैं। सुकराला वाली मां चंबा के राजा वर्मन वंश के साथ यहां आई थीं तब मां ने तत्कालीन राजा को यह वर दिया था कि हे राजन आज के बाद मैं तेरी रियासत के हर घर में माता मल्ल के रूप में पूजनीय रहूंगी और तेरी रियासत से अगर कोई कन्या दूसरी रियासत में बिहाई जाएगी तो मैं उसके साथ ही रहूंगी। यह बात काफी हद तक सत्य भी है। मां चंबा की विवाहिता लड़कियों के साथ उनके घरों में मान्यता प्राप्त है और चंबा और चंबा से बाहर की रियासतों में मल्ल माता पूजनीय एवं श्रेष्ठ है।



### जहां आज है मंदिर, वहां कभी थे अनगिनत त्रिशूल

**ऐनन** वाली माता मल्ल रानी कालकाजी का आज जहां भव्य मंदिर स्थापित किया गया है, वहां कभी अनगिनत त्रिशूल विराजमान थे। सन 1992- 93 में स्थानीय लोगों ने माता के मंदिर के लिए एक कमेटी का निर्माण किया और माता के भव्य मंदिर के निर्माण का बीड़ा भी उठाया। धीरे-धीरे जिन लोगों पर मां का आशीर्वाद रहा, उन लोगों ने बढ़-चढ़कर मां के मंदिर निर्माण के लिए आगे आकर यथासंभव मदद की। देखते ही देखते मां का भव्य मंदिर बनकर निर्मित हुआ। इस मंदिर के निर्माण में स्थानीय भाजपा एवं कांग्रेसी नेताओं का भी योगदान रहा है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस नेत्री आशा कुमारी जो चंबा के राजवंश परिवार से संबंध रखती हैं मंदिर कमेटी की मुख्य संरक्षिका भी रही हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण हेतु अमूल्य सहयोग दिया। स्थानीय नेता पूर्व भाजपा विधायक स्वर्गीय गंधर्व सिंह भी मंदिर निर्माण को लेकर कभी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी मंदिर निर्माण के लिए यथासंभव मदद की। शेर सिंह ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि जो मूर्ति स्थापित है, वह साक्षात माता कालका एवं मल्लमाता का एक ही स्वरूप है, जिसे माता के बीज मंत्र के शब्द ऐनन से इस मंदिर का नामकरण हुआ है। आज आनंद माता मंदिर की महिमा क्षेत्र के हर घर में होती है।

### मंदिर में हर साल लगता है भंडारा

**हर** साल माता के मंदिर में नवरात्रों के दौरान भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसका बीड़ा ऐनन माता मंदिर कमेटी द्वारा उठाया गया है। इसके अलावा पूर्व सैनिकों द्वारा भी मंदिर को भरपूर सहयोग दिया रहा है और मंदिर के छोटे-बड़े कार्य के लिए सभी क्षेत्रवासी आगे आकर कार्य करते हैं। ऐनन माता कालका मल्लमाता सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। जो भी माता के दरबार सच्चे मन से शीश नवाकर अपनी मनोकामना रखता है, मां उसे अवश्य पूरी करती हैं।

***इस मंदिर को लेकर जब चंबा राजवंश की बहू पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायक आशा कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐनन माता मंदिर क्षेत्र के सभी लोगों की आस्था का प्रतीक है। मैं कालका मल्लमाता को कोटि-कोटि नमन करती हूं कि मां ने मुझे इस काबिल समझा कि मैं उनकी कुछ सेवा कर सकूं। मैं भविष्य में भी मां की सेवा ऐसे ही करती रहूंगी।***

*प्रस्तुति : मुकेश कुमार, डलहौजी*

**फूलों** की सुगंध हवा की दिशा में ही फैलती है, लेकिन इंसान की अच्छाई हर दिशा में फैलती है। -**चाणक्य**

## संपादकीय

# नौनिहालों का ख्याल

बच्चों की सेहत, शिक्षा, मानसिक और शारीरिक विकास आवश्यक है। छोटे बच्चे देश का भविष्य होते हैं। इनके पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की उचित देखरेख की जानी चाहिए। स्कूली बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना बदलते परिवेश में समय की मांग है, क्योंकि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पौष्टिक आहार से बच्चों को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जो उनके शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाते हैं। पौष्टिक आहार से बच्चों को कई फायदे होते हैं। अगर बच्चे पौष्टिक आहार लेते हैं, तो उनका शारीरिक विकास ठीक से होता है और वे स्वस्थ और मजबूत बनते हैं। बच्चों का मानसिक विकास भी ठीक से होता है और वे अधिक तेज और सक्रिय बनते हैं। सबसे बड़ी बात यह कि वह बीमारियों से बचे रहते हैं और वे कम बीमार पड़ते हैं। ऐसे में वे निरंतर स्कूल आते रहेंगे और ज्ञान अर्जित करते रहेंगे। पौष्टिक आहार से बच्चों की एकाग्रता में सुधार होता है और वे अपने अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इसके अलावा बच्चों को ऊर्जा मिलती है और वे दिनभर सक्रिय और ऊर्जावान रहते हैं इसलिए स्कूली बच्चों को पौष्टिक आहार देना बहुत जरूरी है ताकि वे स्वस्थ, मजबूत और तेज बन सकें।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार' योजना शुरू की है जिसकी चर्चा देशभर में है। हिमाचल सरकार बच्चों की पढ़ाई को लेकर संजीदा है यही वजह है कि वह उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान अच्छे से रख रही है, ताकि बच्चे स्वस्थ दिमाग से बेहतर पढ़ाई कर सकें और अपने करियर को आगे ले जा सकें। यह योजना केवल सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए है। इसमें नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्रों को हफ्ते में एक बार उबले अंडे या फल जैसे-केला, सेब आदि उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। ताजे फल बच्चों की पसंद के आधार पर स्थानीय बाजारों से लिए जा रहे हैं। दरअसल, योजना मिड-डे मील योजना की ही पूरक है और सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए बनाई गई है। राज्य के 15,181 सरकारी स्कूलों में यह योजना चलाई गई है, जिसमें करीब 5,34,293 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार' योजना के लिए 12.75 करोड़ रुपए का बजट आवंटित कर रखा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी 'बाल पौष्टिक आहार' योजना की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। राहुल ने सीएम सुक्खू की पीठ थपथपाते हुए उन्हें बकायदा एक पत्र भी भेजा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि इस प्रकार की योजनाएं देश के भविष्य को स्वस्थ बनाने के महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दरअसल, भारत में बच्चों में प्रोटीन की वजह से कुपोषण होने की शिकायतें काफी आ रही हैं। बच्चों को स्वस्थ रखना राज्य सरकारों के लिए भी बेहद चुनौतीपूर्ण बन गया है। प्रोटीन का सेवन बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार को छात्रों की आहार संबंधी प्राथमिकताओं का पूरी तरह से ध्यान रखना होगा साथ ही अधिक बार उबले अंडे या प्रोटीन के रूप में फल भी देने होंगे। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह अब प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की व्यवस्था और ज्यादा बढ़ा दे।

सरकारी स्कूलों को यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि बच्चों को स्थानीय महिलाओं की ओर से तैयार पका हुआ भोजन सही समय पर मिलता रहे। मिड-डे मील योजना में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होना भी बेहद जरूरी है। 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार' योजना की सफलता से उत्साहित होकर हिमाचल सरकार अब इस योजना का विस्तार करने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस योजना के विस्तार के लिए एक विशेष प्रोजेक्ट भी तैयार कर लिया है। इस प्रोजेक्ट के तहत स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग को शामिल किया जाएगा। योजना के विस्तार के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं और तीन साल के बच्चों को भी शामिल करने का प्रस्ताव सरकार लाई है। हिमाचल सरकार ने करीब तीन महीने पहले प्रदेश में 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना' की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के पोषण में सुधार करना और उनके स्वास्थ्य की स्थिति को बेहतर बनाना है। इस तरह की योजना से स्पष्ट है कि हिमाचल प्रदेश सरकार बच्चों और माता के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है और उनके समग्र विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। दूसरे राज्यों को भी हिमाचल की तर्ज पर अपने प्रदेश के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक आहार योजना चलानी चाहिए। ■

# अकेलेपन का शिकार हो रहा आज का मानव

कहते हैं एकांत मनुष्य को स्वयं को समझने का अवसर देता है, परंतु अकेलापन उसे तनाव की ओर ले जा सकता है। ऊपरी तौर पर तो ये दोनों शब्द एक जैसे प्रतीत होते हैं, परंतु वास्तव में इन दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। एकांत में मनुष्य अधिकतर ऐसे स्थान पर होता है, जहां लोगों एवं अन्य जीव-जंतुओं की संख्या शून्य होती है और ऐसा एकांत मनुष्य को असीम आनंद और शांति प्रदान करता है। योगी, तपस्वी, ऋषि-मुनी और ध्यान साधना करने वाले व्यक्ति ऐसे एकांत वातावरण की तलाश में ही रहते हैं। एकांत में रहते हुए भी ऐसे व्यक्ति का मन सदा प्रफुल्लित रहता है। इसके विपरीत अकेलापन एक प्रकार का विकार होता है। अकेलेपन में व्यक्ति लोगों के बीच होते हुए भी उनसे विरक्त हो चुका होता है। परंतु यह विरक्तता योगियों वाली विरक्तता नहीं होती। योगी लोग किसी सांसारिक व्यक्ति या वस्तु से कोई अपेक्षा नहीं रखते और संसार में रहते हुए भी इससे विरक्त होते हैं।

इसके विपरीत अकेलेपन से ग्रस्त व्यक्तियों की सबसे अनेक अपेक्षाएं होती है और उनकी पूर्ति न होने की दशा में वे स्वयं को दुखी हृदय से विरक्त कर लेते हैं। आज के मानव की दशा ऐसी ही हो चुकी है। वह अकेलेपन का शिकार है। आज के मानव की अन्य सभी से अपेक्षाएं असीम है, परंतु स्वयं वह अन्य की अपेक्षाओं पर कितना सही उतरता है, इसकी उसे रत्ती भर भी परवाह नहीं है। फिर चाहे पुरुष हो, स्त्री हो, बच्चा हो या वृद्ध हो सभी अपने को अहम और दूसरों को नगण्य मानते हैं। यदि परिवारों में देखा जाए, तो पुरुष आज भी स्वयं को पूरे परिवार का मुखिया मानते हैं और चाहते हैं कि उनकी प्रत्येक आज्ञा का पालन किया जाए। पुरुष-प्रधान इस समाज में वे कुछ हद तक सही हो सकते हैं, परंतु बदलते समय के संदर्भ में उन्हें सांमजस्य बिठाना भी आवश्यक है, जिसकी कमी में वे कभी-कभी हताश होकर अकेलेपन की ओर अग्रसर हो जाते हैं।



लेखक : यश गोरा
समीप डीडी लाइंस, योल कैंट

जहां तक स्त्रियों की बात है, वे स्वयं को किसी से कम नहीं मानतीं और यह सही भी है। परंतु जब इस बात में अड़ियलपन या अहंकार जैसे विकार मिश्रित हो जाते हैं, तो इसके परिणाम अहितकारी साबित होते हैं। प्रतिस्पर्धा की इस होड़ में कामकाजी ही नहीं, अपितु गृहिणी महिलाएं भी शामिल हैं और झुकना उन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है, चाहे इसकी एवज में पारिवारिक वातावरण की शांति कुर्बान ही क्यों न करनी पड़े, जो भविष्य में अकेलेपन का कारण भी बन सकता है। अकेलेपन की ओर धकेलने में आज मोबाइल का भी एक बड़ा हाथ है। हालांकि इसके उपयोगी कार्य को भी नकारा नहीं जा सकता, परंतु इसका दुरुपयोग भी कम हानिकारक नहीं है। बच्चों में तो इसका विशेष प्रभाव दृष्टिगोचर होता है, हालांकि सीखते तो वे बड़ों से ही हैं, परंतु धीरे-धीरे उनसे दो कदम आगे ही निकल जाते हैं। ऐसे में मोबाइल के वे इतने आदी हो जाते हैं कि इसके अतिरिक्त किसी अन्य को पसंद तक नहीं करते। उनकी दुनिया मोबाइल तक सीमित होकर रह जाती है। फलस्वरूप अकेलापन उन पर भी हावी होने की संभावना बनी रहती है। अब अगर हम बुजुर्गों की बात करें, तो उन्हें तो वर्तमान समय में दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। उन्हें एकांत और अकेलापन दोनों में रहना पड़ रहा है। नौकरी, शिक्षा और घरेलु मन-मुटाव के चलते उनके बहु-बेटे उन्हें अपने से दूर कर देते हैं या स्वयं उनसे दूर रहने लग पड़ते हैं। ऐसे में उन्हें अकेलेपन का दंश झेलना पड़ जाता है। यहां एक बात और भी स्पष्ट हो जानी चाहिए कि बुजुर्गों के अकेलेपन के लिए हर बार उनकी संतान ही उत्तरदायी हो, यह आवश्यक नहीं है।

कुछ मामलों में बुजुर्गों की अपेक्षाएं भी इसका कारण होती हैं। वे अपने समय की परिस्थितियों के अनुसार अगली पीढ़ी को चलाना चाहते हैं और अगली पीढ़ी की अपनी अलग परिस्थितियां होती हैं। ऐसे में मतभेद पनपता है, जिससे दूरियां बढ़ती हैं। नई पीढ़ी में स्फूर्ति और जोश होता है, उसे किसी के सहारे की आवश्यकता नहीं होती, यह बात उसे लगती है। इस कारण वे किसी की परवाह नहीं करते। इसके विपरीत पुरानी पीढ़ी इस बात से बेखबर होती है कि उनमें पहले जैसा जोश नहीं। इस कारण अहंकार में भरकर वे अकेलेपन को ही अपना लेते हैं। इस अकेलेपन में वे बुजुर्ग तो अपना जीवन-यापन कर लेते हैं, जो स्वस्थ एवं आर्थिक रूप से सक्षम होते हैं, परंतु कमजोर स्वास्थ्य वालों के लिए जीवन चुनौतिपूर्ण बन जाता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज में रहते हुए उसे समाज से जुड़े रहना आवश्यक है, परंतु आज का मानव अहंकारी होने के साथ-साथ स्वार्थी भी है।

वह उनसे तो मेल-जोल बढ़ाता है, जिनसे उसके स्वार्थों की पूर्ति संभव हो, परंतु जो इस कड़ी में खरे नहीं उतरते, उनसे वह किसी प्रकार का संबंध नहीं रखना चाहता। यदि ग्रामीण परिवेश की बात की जाए, तो हालात फिर भी बेहतर हैं, परंतु शहरों और महानगरों के संदर्भ में तो स्थिति दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही हैं। युवा वर्ग से समाज को काफी उम्मीदें हैं, परंतु आज के युवा तो नशे की गर्त में स्वयं को तो धकेल ही रहे हैं, परंतु साथ ही साथ पूरे परिवार को भी इससे प्रभावित कर रहे हैं। धुम्रपान और मद्यपान के अतिरिक्त चरस, गांजा, हेरोइन, चिट्टा और न जाने क्या-क्या इस क्षेत्र में उतर चुका है, जो मानव जीवन को बर्बाद करने के लिए काफी है। जहां एक ओर ये नशे मानव को अकेलेपन की ओर धकेल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसका विपरीत पक्ष यह भी है कि कुछ युवा अकेलेपन का शिकार पहले हो रहे हैं और उससे निजात पाने के लिए नशे की ओर बढ़ रहे हैं और उसकी गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। इस प्रकार नशा और अकेलापन दोनों ही आज के मानव के लिए घातक बनते जा रहे हैं। दोनों ही उसमें नकारात्मकता भरते जा रहे हैं।

इस नकारात्मकता के परिणाम कई बार अत्यंत भयावह भी हो सकते हैं। व्यक्ति आत्महत्या जैसे कुकृत्य की ओर भी उन्मुख हो सकता है। इस कलयुग में जहां काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार अपने चरम पर पहुंच चुके हैं, वहीं ईष्या, द्वेष, आलस, निंदा, घृणा जैसे सूक्ष्म विकार भी कम नहीं है। यदि ध्यान दिया जाए, तो मनुष्य को तनाव ग्रस्त करने या अकेलेपन की ओर ले जाने में इन विकारों का भी कुछ हद तक योगदान होता है। यही कारण है कि योगी लोग भी सर्वप्रथम इन्ही विकारों को दूर करने का प्रयास करते हैं। ध्यान या मेडिटेशन में भी व्यक्ति इसी प्रकार के लाभ अर्जित करता है। यदि सूक्ष्मता से देखा जाए, तो इस संसार में प्रत्येक व्यक्ति अकेला है। वह अकेला आता है, अकेला जाता है। प्रत्येक व्यक्ति की अपनी एक अलग ही यात्रा होती है। समस्या स्वयं की हो या दूसरों की, यदि मिलजुल कर उसका हल ढूंढेगें, तो हल अवश्य निकलेगा। फिर अकेलेपन जैसी किसी कुंठा से व्यक्ति ग्रस्त नहीं होंगे। घर- परिवार, समाज, देश सब खुशहाल होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# रोगियों को चिकित्सा के साथ सुरक्षा भी मिले

**विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर विशेष**

विश्व रोगी सुरक्षा दिवस हर साल 17 सितंबर को आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है, जिसका उद्देश्य रोगियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों और अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच उचित जागरूकता और जानकारी की कमी के कारण होने वाले रोगी नुकसान को कम करने के बारे में जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करना है। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 11 महत्वपूर्ण वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले हितधारकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे रोगियों के साथ सक्रिय जुड़ाव के साथ रोगी को संभालने के लिए अच्छी तरह से कुशल और अच्छी तरह से सूचित हों।

रोगी सुरक्षा से कई तरह से समझौता किया जा सकता है, लेकिन दवा की त्रुटि के कारण होने वाला नुकसान दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा में अपरिहार्य नुकसान को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है। यह स्पष्ट है कि जीवन में एक बार हर व्यक्ति बीमारी के लिए दवा लेता है, इसलिए दवाओं का उचित सेवन महत्वपूर्ण हो जाता है। किसी भी कारण से अनुचित दवाएं घातक हो सकती हैं या कई स्वास्थ्य जटिलताओं को जन्म दे सकती हैं। असुरक्षित दवा का सेवन कई कारणों से हो सकता है जैसे कमजोर और अनुचित दवा, चिकित्सा कर्मचारियों की आंशिक भागीदारी, दवा को स्टोर करने की सुविधाओं की कमी और अन्य मानवीय त्रुटियां। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस की स्थापना विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मई 2019 में रोगी सुरक्षा पर वैश्विक कार्रवाई की वकालत करने के लिए विश्व स्वास्थ्य सभा द्वारा लाए गए 72वें प्रस्ताव के तहत की गई थी। यह संकल्प 2016 में रोगी सुरक्षा से संबंधित कई घटनाओं और कई संबंधित संगठनों की सक्रिय भागीदारी के परिणामस्वरूप हुआ।



लेखक : दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रोगी सुरक्षा दिवस घोषित करने की इच्छा बढ़ती जटिल स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों और स्वास्थ्य सुविधाओं में रोगियों को होने वाले बढ़ते नुकसान के कारण उभरी। यह दवा त्रुटियों और असुरक्षित प्रथाओं के कारण बढ़ती दवा हानि के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, इसके लिए तत्काल कार्रवाई का आग्रह करता है। यह उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा हितधारकों से दवा त्रुटियों को रोकने और दवा से संबंधित नुकसान को कम करने और कानून बनाने वाली संस्थाओं से ऐसे कानून बनाने का आग्रह करने पर केंद्रित है जो दवा त्रुटि के कारण होने वाली प्रतिकूल घटनाओं को रोकने में मदद कर सकते हैं।

यह दुनिया भर के रोगियों और परिवारों को दवाओं के सुरक्षित उपयोग का अभ्यास करने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है। वैश्विक रोगी सुरक्षा थीम- 'नुकसान के बिना दवा' का उचित कार्यान्वयन करना है। चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाने वाले बीस में से एक मरीज को टाले जा सकने वाले दवा नुकसान से प्रभावित होने की संभावना है और चार में से एक मरीज जानलेवा बीमारियों से प्रभावित हो सकता है। दवा से होने वाला नुकसान टाले जा सकने वाले नुकसान का प्रमुख कारण है रोगियों को दवा के दुष्प्रभावों और दवा के सेवन के उचित तरीके के बारे में शिक्षित करना इस दिवस का बड़ा प्रभाव है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

पहाड़ी कविता



### पिता हो तुम, संघर्ष करो

डॉ. कौमार्या मनोज

**पिता** हो तुम, संघर्ष करो।
बच्चों की चिंता खुद ही हरो। ।
उनके सपने को पलने दो।
अब अपने सपने चलने दो।।
गर तुम जो टूटे, बिखर जाओगे।
संभल गए, तो निखर जाओगे ।।
टूटे पर यह दुनिया हस्ती है।
वीरों से तो सबकी बनती है।।
तुमने बच्चों को मान दिया।
सम्मान दिया पहचान दिया।।
उनकी खुशियों के खातिर तुम।
अपनी खुशियां वार दिया।।
कुछ दिन की अब बात है यारा।
बच्चें तेरे सफल जो होंगे।।
तब तेरा अभिमान बढ़ेगा।
जहां में तेरा शान बढ़ेगा।।
तुम अबकी जो फिसल गए तो।
हाथ कोई न दे पाएगा।।
संभल-संभल चलना है तुझको।
साथ सभी का मिल पाएगा।।

# हर राष्ट्र के लिए राष्ट्रभाषा का अपना महत्व

हर राष्ट्र के लिए राष्ट्रभाषा का अपना महत्व होता है और राष्ट्रभाषा के बिना कोई राष्ट्र नहीं कहला सकता। विश्व के लगभग हर उन्नत और स्वाभिमानी देश जैसे कि इंग्लैंड, अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन, जापान आदि की अपनी राष्ट्रभाषा है, जो भाषा थोड़ी बहुत सारे राष्ट्र में बोली और समझी जाती है, वही, उस देश की राष्ट्रभाषा होती है। भारत में चाहे अलग-अलग प्रांतों में राजनीतिक एकता न भी रही हो, सांस्कृतिक एकता यहां सदा रही है और एक भाषा का विस्तार भी संस्कृति के विस्तार के साथ ही होता रहा है और वह एक भाषा 'हिंदी' है। स्वतंत्रता के बाद संविधान लागू होने से पहले 'राष्ट्रभाषा' शब्द का प्रयोग राजभाषा के अर्थ में होता था।

हिंदी का लगभग एक हजार वर्ष का इतिहास इस बात का साक्षी है कि यह ग्यारहवीं शताब्दी से ही अक्षुण्ण रूप से 'राष्ट्रभाषा' के रूप में प्रतिष्ठित रही, किंतु प्रशासन के स्तर पर कभी संस्कृत, कभी फारसी और बाद में अंग्रेजी को मान्यता प्राप्त रही। बेशक हिंदी राष्ट्र की जनता के आपसी संपर्क, संवाद-संचार, विचार-विमर्श, सांस्कृतिक एकता और जीवन व्यवस्था का माध्यम मध्य देश की भाषा 'हिंदी' ही रही। सन 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितंबर सन 1949 को स्वाधीन भारत के संविधान में हिंदी को संघ की राजभाषा और देवनागरी लिपि को राजलिपि के रूप में स्वीकार कर लिया गया, लेकिन इस प्रावधान के साथ ही अगले 15 वर्ष जब तक हिंदी सक्षम नहीं हो जाती और आड्क्षहदी भाषी राज्य स्वैच्छिक रूप से हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में अपनाने नहीं लग जाते, तब तक अंग्रेजी का प्रयोग ऐसे ही चलता रहेगा। संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुसार केंद्रीय सरकार को हिंदी के समुचित विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई, लेकिन खेद की बात रही कि लंबे समय तक केंद्रीय सरकारों की इच्छाशक्ति की कमी और भारतीय जनता की जहनी गुलामी, अंग्रेजी के प्रति मोह और पूर्वाग्रह के कारण इस कार्य की गति बहुत धीमी रही। हिंदी भाषी राज्यों विशेषकर दक्षिणी राज्यों में भी राजनीतिक मुद्दा बना रहा है। यही कारण है कि आज तक भी महत्वपूर्ण कार्यों तथा शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी का दबदबा अभी बना हुआ है।



लेखिका : डॉ. शशि प्रभा
सेक्टर-40सी, चंडीगढ़

यही कारण है कि भारतीय साहित्य में निजी संदेश, दर्शन और मौलिकता की कमी है, यहां सब कुछ जैसे उधार का है। यदि हम संपूर्ण विश्व में भाषाओं की स्थिति की चर्चा करें, तो चीनी भाषा बोलने वालों की संख्या पहले नंबर पर है, हिंदी दूसरे और अंग्रेजी तीसरे नंबर पर आती है। समस्या यह रही कि भारत में समय-समय पर जिस देश-धर्म वालों का शासन रहा, उन्होंने अपनी भाषा को राजकाज की भाषा बनाकर रोजगार से जोड़ा। मुस्लिम शासन ने फारसी को महत्व दिया, तो सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजी शासन ने अंग्रेजी को महत्व दिया। ऐसी स्थिति में समाज में धनी, उद्योगपति, जिंमीदार, राजा-महाराजा आदि ऊंची पदवियां पाने के लिए अंग्रेजी सीखने लगे और अंग्रेजी भारत में सभ्यता और व्यक्तित्व का मापदंड बन गई। ऐसा होने के बावजूद अधिकतर प्रदेशों में आम लोगों में पारस्परिक संपर्क की भाषा हिंदी ही बनी रही। यही कारण था कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय हर प्रकार के प्रचार-प्रसार की भाषा हिंदी बनी।

स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले लगभग सभी नेताओं ने स्वीकार किया कि हिंदी अखिल भारत की जातीय भाषा होने के कारण देश की राष्ट्रीय भाषा होने की अधिकारी है। आज के समय में हिंदी की स्थिति आज यदि हम हिंदी की स्थिति की बात करें, तो मानना पड़ेगा कि हिंदी को अंग्रेजी के स्थान पर स्थापित करने के लिए 15 वर्ष का जो समय निश्चित किया गया था, उसका कोई अर्थ नहीं रहा। बेशक अपनी वैज्ञानिकता, बोलने-समझने वालों की संख्या, बाजारवाद की आवश्यकता के कारण संपूर्ण विश्व के अनेक देशों में हिंदी पढ़ी-पढ़ाई जाती है, जैसे कि जापान, पोलैंड, हंगरी, बुल्गारिया, चेकोस्लोवाकिया, साउथ कोरिया, पेइचिंग, त्रिनिदाद, इटली, बेल्जियम, स्पेन, तुर्की, अमेरिका आदि। यहां के विश्वविद्यालय हिंदी पढ़ाने में दिलचस्पी रखते हैं। इन स्थानों के अलावा मारिशस, सूरीनाम, गुयाना, नेपाल, पाकिस्तान आदि देशों में हिंदी बोली जाती है। आज हिंदी का दायरा बढ़ रहा है।

मल्टीनेशनल कंपनियां अपने उत्पाद बेचने के लिए इसे महत्व देती हैं। अनुवाद, टाइपिंग, विज्ञापन, रिर्पोटिंग आदि क्षेत्रों में इससे रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं। हिंदी पत्र पत्रिकाओं, सोशल मीडिया चैनलों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। हिंदी सिनेमा लोकप्रिय हो रहा है। रहमान के गाने 'जय हो' को आस्कर अवार्ड मिला। एमएनसी, सीएनएन, नेशनल ज्योग्राफी चैनल, डिस्कवरी आदि सब हिंदी को अपना रहे हैं। टोनी ब्लेयर, बिल गेट्स, बराक ओबामा आदि ने हिंदी के महत्व को समझा। परंतु बावजूद इसके हमारे अपने देश में अंग्रेजी के वर्चस्व के कारण हिंदी की अवहेलना हो रही है। हम हीनता ग्रांथि के शिकार हो रहे हैं, केवल भाषा के स्तर पर ही नहीं, अपना भोजन, अपना पहरावा भी पिछड़ेपन की निशानी समझी जाती है। आज लड़कों की जीन्स नीचे गिरती जा रही है और लड़कियां की स्कर्ट या निक्कर ऊंची होती जा रही है। प्रांतीय स्पर्धा और प्रांतीय राजनीति के कारण ही हिंदी को उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है। वास्तविकता तो यह है कि प्रांतीय भाषाओं को हिंदी से नहीं बल्कि हिंदी सहित सभी प्रांतीय भाषाओं को अंग्रेजी से खतरा है-
भाषा अपनी बोलता, कहते लोग गंवार है
अपने ही अब देश में रहना हुआ दुश्वार है
छोटी से छोटी रेहड़ी-फड़ी मार्केट में चले जाएं, दुकानों-फड़ियों के नाम अंग्रेजी में मिलेंगे- जूस कॉर्नर, मेडिकोज, किरियाना शॉप, क्लॉथ हाऊस आदि। हिंदी के लिए राष्ट्रभाषा शब्द भी इतना भारी पड़ा कि इसे राष्ट्रभाषा की बजाए संपर्क भाषा के रूप में स्वीकार करने की बात कहनी पड़ी है। हमें यह भी संतोष है कि अब हमारे नेता विदेशों में जाकर हिंदी में भाषण देते हैं, विदेशी नेताओं से हिंदी में संवाद और वार्तालाप करते हैं। आने वाले समय में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ। **( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री

**नरेंद्र** मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के प्रसिद्ध नेता और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। 'केशुभाई पटेल' के इस्तीफे के बाद नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने। नरेंद्र मोदी गुजरात के सबसे ज्यादा लंबे समय तक शासन करने वाले मुख्यमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी 7 अक्तूबर, 2001 से 21 मई, 2014 तक लगातार गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर विराजमान रहे। नरेंद्र मोदी को वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भारत की प्रमुख पार्टी भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित किया गया तथा इन्होंने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी वाराणसी एवं अपने गृहराज्य गुजरात के वडोदरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और दोनों जगह से चुनाव भारी मतों के अंतर से जीता। नरेंद्र मोदी स्वतंत्र भारत में जन्मे पहले व्यक्ति हैं, जो भारत के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए हैं। इन्होंने 26 मई, 2014 शाम 6 बजे राष्ट्रपति भवन में भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचंड बहुमत पाकर नरेंद्र मोदी तीसरी बार फिर सत्ता में लौटे हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद नरेंद्र मोदी ने पूरे भारत का भ्रमण किया। इस दौरान 3 लाख किलोमीटर की यात्रा कर पूरे देश में 437 बड़ी चुनावी रैलियां, 3-डी सभाएं व चाय पर चर्चा आदि को मिलाकर कुल 5827 कार्यक्रम किए। ■



**नरेंद्र मोदी**
**जन्म :** 17 सितंबर, 1950

## अपनी बात

**गणेश** विसर्जन की प्रथा, जिसे गणेश निमज्जनम भी कहा जाता है, उत्सव के अंतिम दिन मनाई जाती है। इस दिन, भगवान गणपति की मूर्ति को नदी, समुद्र या अन्य जलाशय में विसर्जित किया जाता है। अनुयायी गणेश प्रतिमा को जलाशय तक ले जाते हुए, सड़कों पर परेड करते हैं। गणेश विसर्जन का इतिहास दिलचस्प है। कहा जाता है कि त्योहार के अंतिम दिन, भगवान गणेश कैलाश पर्वत पर अपने माता-पिता, भगवान शिव और देवी पार्वती के साथ मेल-मिलाप करते हैं। गणेश चतुर्थी जन्म, जीवन और मृत्यु के चक्र के महत्व के रूपक के रूप में भी कार्य करती है। गणेश को नई शुरुआत के भगवान और बाधाओं को दूर करने वाले के रूप में पूजा जाता है। प्रचलित मान्यता के अनुसार, जब गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए बाहर ले जाया जाता है, तो यह घर में आने वाली कई बाधाओं को भी दूर कर देती है। पाकिस्तान में, कराची में महाराष्ट्रियों का एक समूह, श्री महाराष्ट्र पंचायत, गणेश चतुर्थी कार्यक्रम आयोजित करता है। वहां रहने वाला ब्रिटिश हिंदू समुदाय भी गणेश चतुर्थी मनाता है। **दीक्षांत कासव, भड़वाल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

## पाठकों के पत्र...

**उम्दा** दैनिक अनंत ज्ञान में पहले से अधिक बदलाव आया है। रचना प्रकाशन का स्थान भी रंगदार किया गया है जो 'आई कैचर' बन पड़ा है। इसके साथ ही संपादकीय तो है ही ज्वलंत मुद्दों को लेकर और आलेख भी खासकर रामलाल पाठक का टूटते परिवारों को लेकर एकदम बढ़िया बन पड़ा है। 13 सितंबर के अनंत ज्ञान के अंक में छपी तमाम सामग्री पढ़कर बेहद अच्छी लगी। आपजी संपादक मंडल को बधाई, शुभकामनाएं! आशा है आपका अमूल्य योगदान आगे भी मिलता रहेगा।

**भीम बसेड़ू राजपूत**
**महादेव, सुंदरनगर**

**मैं** नियमित दैनिक समाचार अनंत ज्ञान पढ़ता हूं। समाचार पढ़कर यह महसूस होता है कि इतने कम समय में अनंत ज्ञान परिवार ने बहुत बढ़िया ढंग से कार्य किया है। अनंत ज्ञान परिवार तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। मेरा अनंत ज्ञान समाचार परिवार यह अनुरोध रहेगा कि वे बच्चों के रोजगार से संबंधित समाचार भी दैनिक समाचार अनंत ज्ञान में जोड़ने की कृपा करें,ताकि अखबार की प्रतियां अधिक से अधिक सेल हो सके।

**रमेशना चौधरी,भड़वाल**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र ने हालिया दिनों में कंटेंट और लेआउट में काफी सुधार किया है। धीरे-धीरे अखबार अपनी लय पकड़ रहा है। कारण है कि पाठक अखबार को गंभीरता से लेने लगे हैं। पाठकों को त्वरित और सटीक जानकारी देना ही पत्रकारिता का धर्म है। हालांकि अभी भी पाठकों की रुचि के मुताबिक आमूलचूल सुधार की जरूरत है। उम्मीद है कि भविष्य में यह अखबार अनंत शिखर की तरफ अग्रसर होगा।

**संजीव मोहन, सोलन**

**मैं** जिला ऊना के कुठेड़ा खैरला ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते जंगली क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गउओं की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो कुठेड़ा खैरला से नारी आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**( लतीफ मोहम्मद कुठेड़ा खैरला ऊना )( टक्का ऊना )**

**मेरा** नाम विकास कुमार है। मैं राजोल का रहने वाला हूं। मैं 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र का नियमित पाठक हूं। महोदय, मैं आपको यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि अखबार में कुछ और सुधार हो सके। सबसे पहले तो मैंने यह नोटिस किया है कि 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र में युवाओं के लिए कोई सामग्री नहीं आ रही है। युवा अपना करियर कैसे बनाएं तथा कैसे पढ़ाई कर रोजगार पाएं इत्यादि जानकारी दूसरे अखबारों में रहती है, लेकिन इस अखबार में यह कमी मुझे काफी खलती है। मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि जिस तरह से आपने महिलाओं और हेल्थ से संबंधित कॉलम चलाए हैं उसी तरह से युवाओं के लिए भी विशेष कॉलम चलना चाहिए। मैंने देखा है कि अखबार में समस्याओं से संबंधित समाचारों की भी कमी है, जिसे सुधारा जा सकता है। मेरे विचार में जितनी ज्यादा समस्याएं आप लोगों की उठाएंगे आपके अखबार की पठनीयता उतनी ही 'यादा बढ़ेगी। हमारे राजोल में आजकल फोरलेन का काम चला हुआ है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। पूरा बाजार उजाड़ दिया गया है। दुकानदारों को इधर-उधर शिफ्ट होना पड़ा है। यहां अगर किसी ने बस पकड़नी हो, तो उसे रुकने के लिए या इंतजार करने के लिए रेन शेल्टर तक नहीं है। धूल-मिट्टी इतनी उड़ रही है कि लोगों को मुंह ढककर यहां से निकलना पड़ता है। ऊपर से बरसात की वजह से कीचड़ भी इतना हो गया है कि चलना तक दूभर हो गया है। फोरलेन का काम काफी समय से यहां चला हुआ है, लेकिन बरसात की वजह से इसमें काम में वो तीव्रता नहीं आ रही जो होनी चाहिए।

**विकास कुमार, राजोल**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल को दिए 12 पंखे, 2 कंप्यूटर टेबल और प्रिंटर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से धर्मपुर ग्रामीण आदर्श विद्यालय बहरी के रसोई घर, छत्त व दो कमरों का नवीनीकरण किया गया तथा 12 पंखे, 2 कंप्यूटर टेबल, 1 कंप्यूटर, प्रिंटर को विधायक चंद्रशेखर के माध्यम से स्कूल को भेंट किया। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विजय कुमार गुप्ता ने धर्मपुर ग्रामीण आदर्श विद्यालय बहरी को भविष्य में सुविधाओं से और सुदृढ़ किया जाएगा, विधायक चंद्रशेखर ने उपस्थित उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विजय कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई रविंद्र कुमार, धर्मपुर शाखा प्रबंधक राकेश कुमार, प्रबंधक संजीव शर्मा, उपप्रबंधक राकेश वर्मा, स्कूल प्रबंधक समिति अध्यक्ष निटी ठाकुर, समिति सदस्य, स्थानीय ग्रामीण व बच्चों ने भाग लिया।

### अंडर-19 में जोगिंद्रनगर जोन ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता का समापन धूमधाम से किया गया। मुख्यातिथि जिला शिक्षा उपनिदेशक (उच्च) सुशील शर्मा ने प्रतियोगिता का समापन करते हुए बच्चों को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में जोगिंद्रनगर विजेता रहा जबकि मंडी सदर उपविजेता बना। खो-खो में जोगिंद्रनगर जोन ने बाजी मारी और सुंदरनगर जोन उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन के रूप में जोगिंद्र नगर जोन ने सबसे अधिक अंक प्राप्त किए। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वॉलीबॉल में जोगिंद्रनगर की कनिष्का, कबड्डी में नैन्सी, खो-खो में कशीश घरवाल और कबड्डी में सदर जोन की छात्रा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

### गायक विजय गुलशन ने भजनों से बांधा समां



**सुंदरनगर।** सुंदरनगर में पिछले 10 दिनों से जारी गणपति उत्सव का मंगलवार को भव्य शोभायात्रा के उपरांत बीएसएल जलाशय में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न होगा। सुंदरनगर में भोजपुर बाजार स्थित श्री गोपाल मंदिर में गणपति उत्सव के दौरान रोजाना रात को भजन संध्याओं का आयोजन किया गया। जिसमें नामी भजन गायकों ने अपने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु की महिमा से आत्मसात कराया। उत्सव के दौरान रविवार रात को भजन गायक विजय गुलशन ने अपनी भजनों से माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। श्री गोपाल मंदिर कमेटी के प्रधान डॉ. सीपी कौशल ने बताया भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### प्रवासियों की गतिविधियों पर रखें नजर : बिहारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति, चोलथरा की मासिक बैठक समिति के चेयरमैन बिहारी लाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ज्येष्ठ एवम वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद, इकाई सरकाघाट के पदाधिकारियों ने भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज की तथा सभी ने सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के माध्यम से स्थानीय जनता से आग्रह किया गया, कि वो प्रवासियों की गतिविधियों तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखें, प्रवासियों को घर किराए पर देने के बाद उनकी पुलिस द्वारा वेरिफिकेशन भी करवाएं। बैठक में समिति के प्रधान जगदेव बंधु, महासचिव प्रेम सिंह अत्री, कोषाध्यक्ष प्रकाश कमल, सरवन भारद्वाज मीडिया प्रभारी, नेक राम, नरेंद्र बन्याल, रूप लाल वर्मा, बसंत गुलेरिया, रमेश राणा, कृष्ण पाल, कश्मीर सिंह, प्रेम सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज तथा नए सदस्यों में राम नाथ व राम चंद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### टिहरा के संदेहड़ा गांव में गोशाला जलकर राख



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** टिहरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट के संदेहड़ा गांव में सोमवार को एक गोशाला जल कर राख हो गई। संदेहड़ा गांव के जयपाल पुत्र लाहौरू राम की गोशाला में सोमवार को अचानक आग लगने से गौशाला का स्लेट पोश एक कमरा जलकर राख हो गया, वहीं गोशाला में बंधे बकरी के दो बच्चे भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण इकट्ठे हुए और आग बुझाने और मवेशियों को बचाने में जुट गए, लेकिन आग की लपटों ने कुछ समय में ही गौशाला को मिट्टी में तबदील कर दिया। वहीं गोशाला में रखा घास व लकड़ी भी जलकर राख हो गई, वहीं गौशाला में बंधे मवेशियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। पीड़ित परिवार का लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। नायब तहसीलदार टीहरा शशि पाल ने बताया कि ग्रामीण राजस्व अधिकारी को मौके पर भेज कर नुकसान के आकलन के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय नियमानुसार पीड़ित परिवार को विभाग की ओर से उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

# गणपति गजानन के नारों से गूंजा शहर

**अनिल शर्मा, मंडी**

छोटी काशी में विघ्न विनाशक गजानन गणपति गणेश भगवान की लगभग 12 दर्जन मनमोहक प्रतिमाएं सोमवार को हनुमान घाट पर विसर्जित कर दीं। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से भगवान गजानन को विदाई देकर अगले वर्ष पुन: आने की कामना की।

गौर हो कि छोटी काशी मंडी में इस बार पिछले वर्षों के तुलना में अधिक गणपति प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। हर प्रतिमा के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम श्रीराज माधो राय दरबार में उपस्थिति दर्ज करवाई तदोपरांत हनुमान घाट की ओर रुख किया। स्नोर घाटी के आराध्य देव गणपति जलौनी भी उत्सव में भाग लेने के लिए सिद्ध गणपति मंदिर पहुंचे हुए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र के दर्जनभर देवी देवताओं ने भी उत्सव की शोभा बढ़ाई।

काली भगवती पुरानी मंडी, चामुंडा भगवती, देव बाला कामेश्वर, देव माहूंनाग टारना सहित देवलुओं ने वाद्य यंत्रों की धुन पर तलवारे लेकर नृत्य किया। ढोल की थाप और शंख, घंटी, खडताल, करनाल, नरसिंगे, काउली आदि के संगीत में पूरी मंडी को गुंजायमान कर दिया। दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने भी पुख्ता व्यवस्था प्रबंध किए हुए थे, जिस कारण जाप की बड़ी समस्या नहीं हुई। वहीं सोमवार को आश्विन संक्रांति का पुण्यकाल समय भी मध्यान्ह बाद ही 15 मुहूर्त था। इसके साथ ही सूर्यदेव 7 बजकर 43 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश कर गए, जिसे पितरों के लिए उत्तम समय माना जाता है।

सूर्य देव के कन्या राशि में प्रवेश करते हुए पितृ पितरलोक से पृथ्वीलोक की ओर प्रस्थान आरंभ कर देते हैं और सूक्ष्म शरीर पर आरूढ़ होकर भाद्रपद पूर्णिमा को पृथ्वीलोक पर पहुंच जाते हैं। इससे पूर्व ही भगवान गजानन की स्थापित प्रतिमा को विसर्जित करने का शास्त्रीय विधान है, जिसका मंडी में कड़ाई से पालन किया गया।( अनंत ज्ञान)




श्रीराज माधो राय के दरबार में हाजिरी लगाने जाते हुए देवलु व गणपति विसर्जन करते हुए।



### श्रीराज माधो राय के दरबार में लगाई हाजिरी

सोमवार को 3 बजकर 11 मिनट पर चतुर्दशी तिथि लगते ही 10 दिन विधि विधान से पूजा अर्चना और आराधना करने के उपरांत श्रद्धालुओं ने गणपति भगवान को विदाई देते हुए मंदिरों और स्थापना स्थल से श्रीराज माधो राय दरबार की ओर प्रस्थान किया। इस बार दो दर्जन से अधिक गणपति होने के कारण रात 7.43 बजे तक विसर्जन का कार्यक्रम चलता रहा।

# धर्म परिवर्तन के आरोप में युवकों ने पकड़े दो प्रवासी

**पुष्पराज, मंडी**



पधीयूं पंचायत के युवक जिन्होंने पुलिस को जानकारी दी।

मंडी सदर हलके के पधीयूं पंचायत के गांव कठलग में बीते रविवार शाम 7 बजे के करीब स्थानीय लोगों को केरल से आए दो बाप-बेटा प्रधान के साथ सर्वे करते हुए नजर आए। जिस पर कुछ युवकों ने उनके सवालों पर आपत्ति जताई और उनसे डीसी की परमिशन और न ही पुलिस परमिशन पाई गई। जिस पर युवकों ने संदिग्ध पाए जाने पर सदर पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई। वहीं युवक अंशुल स्थानीय निवासी कठलग ने बताया कि यह लोग उनके बच्चों से उनकी जानकारी एकत्रित करते हुए नजर आए, जिसमें बच्चों से उनकी जाति क्या है किस धर्म से संबंध रखते है, आपकी इनकम कितनी है आपको क्या समस्या है इस प्रकार के प्रश्न पूछे जा रहे थे।

अंशुल ने बताया कि सर्वेक्षण कर्ता ने बताया कि उन्होंने प्रधान से परमिशन ली लेकिन उस समय परमिशन के दस्तावेज भी उनके पास उपलब्ध नहीं थे। अंशुल ने बताया कि जिस प्रकार से सर्वेक्षण कर्ता डाटा एकत्रित कर रहे है उससे यह प्रतित होता है कि यह लोग ईसाई मिशनरी है।उन्होंने बताया कि बच्चा जमा 1 कक्षा का छात्र है और पूरे भारत में सर्वे कर रहे है और 900 गांव में सर्वे कर चुके है। अंशुल ने आशंका जताते हुए कहा कि एक 11वीं कक्षा का बच्चा पूरे देश में भ्रमण नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि साथ ही प्रधान ने भी धमकी भरे अंदाज में बात की।

हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक गुलशन ने बताया कि लोगों का निजी डाटा एकत्रित करना सही नहीं है। वहीं जब ग्राम पंचायत पधीयूं के प्रधान पवन कुमार मंहत ने बताया कि यह लोग इस प्रकार के संदिग्ध नहीं है और पुलिस जांच कर रही है और यदि ऐसा पाया जाता है तो नैतिकता के आधार पर वह प्रधान पद से त्यागपत्र दे देंगे।

वहीं एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि मामला ध्यान में आया है और संदिग्धों के मोबाइल की जांच की जा रही है।( अनंत ज्ञान)

## राधा-कृष्ण की निकली झांकी

**जोगिंद्रनगर, अभिषेक शर्मा**



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

जोगिंद्रनगर बाजार में 2 जगह चल रहे गणपति उत्सव की नौवीं संध्या की शुरूआत बप्पा की आरती से की गई। रामलीला मैदान में सजे बाल गणपति पंडाल में अजीत पराशर व संजीव सुकोश ने बप्पा का गुणगान किया।

इस संध्या में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर, प्यार चंद पार्षद वार्ड नंबर-5, प्रोफेसर चेतना शर्मा, नंदा ज्वैलर्ज पपरोला मुख्यातिथि रहे। सभी अतिथियों को प्रधान राज ठाकुर, सचिव सुनील सोनू व अजय बावा द्वारा बप्पा का पटका पहनाकर फोटो भेंट की गई। उधर ओल्ड पीएनबी के पास गणेश महोत्सव समिति के पंडाल में सोलन से हिमाचली जोड़ी ने बप्पा का गुणगान किया।

यहां तहसीलदार मुकुल शर्मा, नायब तहसीलदार प्रिंस धीमान व माउंट मौर्या स्कूल के एमडी मनोज ठाकुर परिवार सहित मुख्यातिथि रहे। प्रधान सचिन सूद, रमन बहल व अन्य समिति सदस्यों ने सभी अतिथियों को बप्पा की फोटो भेंट कर सम्मान दिया। (अनंत ज्ञान)

## पुराने भवन में चल रहा तहसील कार्यालय, रोष

**आदर्श यादव, नेरचौक।** तहसील कार्यालय बल्ह को कंबाइंड ऑफिस में न बदलने को लेकर लोगों में खासा रोष है। एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय के अलग-अलग स्थान पर होने की बजह से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि लगभग 2 वर्ष से कंबाइंड ऑफिस की बिल्डिंग में एसडीएम कार्यालय चल रहा है, जबकि तहसील कार्यालय डडौर स्थित एक पुराने भवन में चलाया जा रहा है, जिसके चलते लोगों को एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय से संबंधित कार्यों को करवाने के लिए फिजूल की भाग दौड़ इधर से उधर करनी पड़ रही है।

## देवताओं के मिलन के साथ ख्योड़ नलवाड़ मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, गोहर**

जिला स्तरीय मेला नलवाड़ ख्योड़ का शुभारंभ आज देवी देवताओं के आगमन के साथ बैलों की पूजा अर्चना की रस्म और खूंटा गाड़कर नाचन के विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव विनोद कुमार ने किया। लोनिवि के बासा विश्राम गृह में मुख्यातिथि समेत सभी गणमान्य लोगों ने रंग बिरंगी पगड़ियां लगाई।

लोनिवि के विश्राम गृह से मेला स्थल तक जलेब निकली। मेला स्थल पर पहुंची जलेब का बासा पंचायत के उप प्रधान तरुण कुमार और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि विनोद कुमार ने मेला स्थल पर बैलों की पूजा-अर्चना की और खूंटा गाड़कर ख्योड मेले का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने मेले में आए देवी देवताओं की पूजा अर्चना भी की।



विधायक को स्मृति चिन्ह देते आयोजक तथा (इनसेट में)बैलों को भोज करवाते हुए।

विधायक विनोद कुमार ने मेला ग्राउंड के लिए मुख्यमंत्री खेल योजना के तहत 15 लाख रुपए देने की घोषणा की और संस्कृत कार्यक्रम के लिए 31000 पर देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर उप प्रधान तरूण शर्मा जिला परिषद उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल, मंडल उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, मुरारी लाल राणा समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने शिरकत की।

## अवैध शराब व बीयर की 30 पेटियां जब्त

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने बीती रात अवैध शराब व बीयर की 30 पेटियां जब्त की है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने एक गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका गया, तो गाड़ी की पिछली सीट और डिक्की में से अवैध शराब की 25 पेटियां और 5 पेटियां बीयर बरामद हुई। गाड़ी में दो व्यक्ति सवार थे। चालक मनोज कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव लदोह और नारायण चंद पुत्र कपूर चंद निवासी गांव टिक्कर दोनों ही व्यक्ति शराब के लिए वैध परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाए। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मंडी में सायर लेकर पहुंची ग्रामीण महिलाएं

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सायर बेचने मंडी पहुंची ग्रामीण महिलाएं।

मंडी में सायर का त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है और लोग इस दौरान विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते है और बच्चों द्वारा अखरोट के साथ खेल भी खेले जाते है सोमवार को उपायुक्त मंडी द्वारा लोकल अवकाश भी प्रदान किया गया और बाजार में छुट्टी के दौरान भी काफी रौनक देखने को मिली।

शहर में सायर की पुजने वाली वस्तुओं का अभाव रहता है जिसके लिए ग्रामीण महिलाओं द्वारा शहर के बेचने के लिए वस्तुएं उपलब्ध करवाती है ताकि शहरी लोगों को भी शायर मनाने में किसी प्रकार की समस्या पेश न आए।

इस दौरान शहर में सायर की पूजन के लिए वस्तुएं लेकर कमांद गांव से आई चिंता देवी ने बताया कि पुजन की वस्तुओं में धान, मक्की, फल, फूल, पेठा और जंगली फल फूल इत्यादि होते है। पहाड़ों में भूस्खलन और नालों आदि का जलस्तर बढ़ जाता है जिससे कई लोगों को जान भी गंवानी पड़ती है।

उन्होंने बताया कि काला महीना खत्म होने के बाद आपदा से बचाव की खुशी में इस त्यौहार को मनाया जाता है और सायर को पूजने वाले भाग्यशाली माने जाते है। वहीं बेगी देवी ने बताया कि घर गांव से एकत्रित कर यह सामग्री शहर में बेची जाती है।

## नवनियुक्त अध्यापक सीखेंगे बच्चों को पढ़ाने की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, मंडी**



नवनियुक्त शिक्षक पढ़ाने की बारीकियां सीखते हुए।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में नवनियुक्त जेबीटी शिक्षकों के लिए 15 दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक विजय गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक प्रक्रिया, कक्षा प्रबंधन, शैक्षिक मनोविज्ञान, शैक्षिक मूल्यांकन और संस्थागत जिम्मेदारियां के प्रति अध्यापकों को तैयार करना है। यह प्रशिक्षण 30 सितंबर तक चलेगा।

प्रशिक्षण में चार ट्रेनिंग कैंप बनाए गए हैं, जिसमें प्रवक्ता राकेश कुमार, कमलेश, करमचंद, देवराज को प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया है। डाइट प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने कहा कि 15 दिनों का इंडक्शन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## धार पंचायत के 5 बार प्रधान रहे कैप्टन सोहन लाल नहीं रहे

**अनंत ज्ञान, मंडी**



जोगिंद्रनगर की ग्राम पंचायत धार (झमेहड़) के 5 पांच मर्तबा प्रधान रहे व संघ समर्थक कैप्टन सोहन लाल भारद्वाज का लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया। कैप्टन सोहन लाल पुत्र स्व. पंडित राम दयाल पुजारी माता चतुर्भुजा बसाही धार के घर 1940 में पैदा हुए थे।

13 सितंबर 1960 में वे भारतीय सेना में भर्ती हुए और 28 साल उन्होंने भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में सेवाएं दी। सेना में रहते हुए उन्होंने सन 1962, 1965 व 1971 की लड़ाई, 1984 का ब्लू स्टार ऑप्रेशन, गोवा लिबरेशन व साथ में सेना के विभिन्न आप्रेशन में भाग लिया। उसके बाद सन 1988 को वे 34 मीडियम मराठा रेजिमेंट से सेवानिवृत्त हुए।

1990 में पहली उन्होंने ग्राम पंचायत धार से प्रधान पद का चुनाव जीता और यह सिलसिला लगातार चलता रहा और 5 बार प्रधान पद का चुनाव जनता के दम पर जीतते रहे।

## ज्योतिष विद्या विलुप्ति की ओर बढ़ रही : लेखराज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**




रितु खंडूरी ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा को सम्मानित करती हुई।

शारदा ज्योतिष निकेतन के ज्योतिषाचार्य कैप्टन व हस्त विशेषज्ञ लेखराज शर्मा ने जानकारी दी कि हरिद्वार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के तत्वावधान में अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन की अध्यक्षता रमेश सेमवाल ने की, जिसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से आए कई प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्यों और संत-महात्माओं ने भाग लिया। सम्मेलन में राजराजेश्वराश्रम जी महाराज, पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज, और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविन्द्र पूरी जी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। सम्मेलन में ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा को उनके योगदान के लिए शंकराचार्य जी महाराज और उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूरी द्वारा सम्मानित किया गया।

जोगिंद्रनगर के ज्योतिषाचार्य लेखराज शर्मा को उनके कार्यों और ज्योतिष में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि आजकल ज्योतिष विद्या विलुप्ति की ओर बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण लोगों का इस प्राचीन विद्या से विश्वास उठना है।

## कांग्रेस नेता मेले को बर्बाद करने में लगे हुए हैं : विनोद

**सुनील शर्मा, गोहर।** जिला स्तरीय ख्योड नलवाड़ मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि नाचन के विधायक विनोद कुमार ने कांग्रेस नेताओं पर ख्योड़ मेले को लेकर कथित राजनीति करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नाचन कांग्रेस के नेता मेले को आबाद नहीं बल्कि बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।

उन्होंने हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत और आभार जताया है। विधायक ने कहा कि ऐतिहासिक ख्योड मेले को बर्बाद करने वालों की भगवान ने नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि यहां सच्चाई की जीत हुई है।

**जज्बा** नगर परिषद सुंदरनगर के तहत 108 स्वयं सहायता समूहों का हुआ गठन

# राष्ट्रीय आजीविका मिशन से महिलाएं भर रही ऊंची उड़ान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

राष्ट्रीय आजीविका मिशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार का अवसर प्रदान कर उनकी आर्थिकी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

इसके अंतर्गत नगर परिषद सुंदरनगर में वर्ष 2016 से अब तक महिलाओं के 108 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। इन्हें प्रदेश सरकार द्वारा अब तक लगभग 3.50 करोड़ रुपए आबंटित भी जा चुके हैं। 108 स्वयं सहायता समूहों में से 40 स्वयं सहायता समूहों की क्रेडिट लिंकेज करवाई जा चुकी है। स्वयं सहायता समूह की 110 लाभार्थियों को 2 लाख रुपए प्रति लाभार्थी को 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री फूड प्रोसेसिंग योजना के तहत 52 महिलाओं को 40-40 हजार रुपए ऋण प्रदान किया गया है, ताकि महिलाएं अपना खाद्य व्यवसाय स्थापित कर सकें।

108 स्वयं सहायता समूहों को 10 हजार रुपए प्रति समूह रिवाल्विंग फंड प्रदान किया जा चुका है। साथ ही शहर में 7 एरिया लेवल फेडरेशन बनाए गए हैं। प्रत्येक एरिया लेवल फेडरेशन को 50 हजार रुपए रिवाल्विंग फंड दिया जा चुका है। (अनंत ज्ञान)



### विद्यार्थियों ने की सराहना

**स्वामी** विवेकानंद लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्र तोहेश वर्मा ने कहा कि लाइब्रेरी में पढ़ाई का अच्छा माहौल है। लाइब्रेरी के साथ कैंटीन की सुविधा भी है। इस सुविधा के लिए उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया।

### समूह से जुड़ने पर मिला योजनाओं का लाभ

**नगर** परिषद के बाहोट वार्ड नं. 4 की लाभार्थी मंजू शर्मा ने बताया कि नगर परिषद सुंदरनगर में स्वयं सहायता समूह बनाए जाने की जानकारी प्राप्त होते ही उन्होंने 30 से 40 महिलाओं को इकट्ठा करके एक समूह बना लिया। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला, जिसमें पहले 40 हजार रुपए और फिर 10 हजार रुपए की धनराशि प्राप्त हुई। समूह की अन्य महिलाएं भी सीरा, बड़ियां बनाने का कार्य कर रही हैं और समूह अच्छे तरीके से चल रहा है।उन्होंने बताया कि जवाहर पार्क के साथ लगती लाइब्रेरी में कैंटीन की सुविधा भी उनके समूह द्वारा प्रदान की जा रही है।

### 40 समूहों को लोन करवाया प्रदान : हितेश

**नगर** परिषद सुंदरनगर के कार्यकारी अधिकारी हितेश ने बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत लगभग 108 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है जिनमें से 40 सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज के तहत 5 लाख और 10 लाख का लोन प्रदान करवाया गया है। इसी मिशन के अंतर्गत लगभग 110 व्यक्तियों को स्वरोजगार के तहत अलग-अलग राशियों के ऋण प्रदान किए गए हैं। मिशन के तहत नगर परिषद ने जवाहर पार्क के साथ बनी लाइब्रेरी में कैंटीन भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संचालन के लिए दी है।

## परजीत को सौंपी सर्वोदय जन कल्याण समिति की कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा के धाड़ता क्षेत्र में समाजसेवा में जुटी सर्वोदय जन कल्याण समिति अब गरीबों की भलाई के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य की जांच को लेकर जगह-जगह मेडिकल कैंपों का भी आयोजन करेगी। यह निर्णय संस्था की नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान समिति के सभी सदस्यों द्वारा समिति के सामूहिक तौर पर लिया गया।

नई कार्यकारिणी का गठन ग्रयोह पंचायत के प्रधान बक्शी राम गुलेरिया की अध्यक्षता में किया गया। संस्था के पूर्व प्रधान रूपेंद्र सिंह अटल ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया और कार्यकाल पूर्ण होने पर अपने पद से इस्तीफा देकर पुरानी कार्यकारिणी को भंग घोषित किया। नवगठित कार्यकारिणी में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य परजीत ठाकुर को सर्वसम्मति से प्रधान और सेवानिवृत सहायक प्रो. (शिक्षा विभाग) खूब सिंह को मुख्य संरक्षक चुना गया।




बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्य।

कैप्टन वेदप्रकाश बन्याल, सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक गांधी राम व राकेश कुमार को उपप्रधान, कैप्टन ओमकार को महामंत्री, सतीश ठाकुर कोषाध्यक्ष, सेवानिवृत पुलिस उप-अधीक्षक श्रवण सिंह भारद्वाज सह कोषाध्यक्ष, संजीव कुमार और राकेश बन्याल सचिव, कर्मचंद संयुक्त सचिव, रूपेंद्र सिंह अटल सलाहकार, राजीव आर्य मुख्य संयोजक, रितेश को मीडिया प्रभारी ग्रेयोह पंचायत प्रधान बक्शी राम गुलेरिया, सेवानिवृत उप-निदेशक (शिक्षा) संजय ठाकुर, डॉ. आशीष गुलेरिया व डा. सुभाष वर्मा विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनित किए गए। बैठक में, डिंपल ठाकुर, बीडीसी विजय कुमार, पवन कुमार, मेहर चंद, पवन कुमार 2, सुनील कुमार, सुरेश कुमार इत्यादि सदस्यों ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### गृह रक्षकों ने चलाया पौधरोपण अभियान



**चंबा।** गृह रक्षा 8/5 कंपनी कार्यालय सुंडला में कार्यरत गृह रक्षकों द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के 15 से 18 औषधी युक्त व फलदार पौधे रोपे गए व साथ ही ग्रामीण लोगों को प्रोत्साहित किया गया कि वे भी इस तरह के कार्यों में आगे आएं व आपने आसपास के वातावरण व पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं और स्वस्थ जीवन पाएं।

### वरदान बनी जीवन ज्योति बीमा योजना

**चंबा।** समलेऊ के चूह निवासी नीरज कुमार के परिवार के लिए प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना वरदान बनी है। नीरज कुमार की एक माह पहले किसी कारणवश अचानक मौत हो गई थी। नीरज ने प्रदेश ग्रामीण बैंक की सम्लेऊ शाखा से प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाया हुआ था। उनकी मौत के बाद बैंक शाखा प्रबंधन की ओर से उनकी धर्म पत्नी से इसे लेकर संपर्क किया। वहीं बीमा को लेकर जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के साथ महज 25 दिन में क्लेम सेटल कर मृतक की पत्नी को बीमा राशि का चेक सौंप दिया है। योजना के तहत मिलने वाली बीमा राशि का यह चेक बैंक शाखा प्रबंधक शाखा प्रबंधक अमन दीप डोगरा उनकी धर्म पत्नी व खाते की नॉमिनि शन्ति देवी को प्रदान करते हुए उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। उधर शांति देवी ने बैंक की इस कार्यप्रणाली को लेकर समस्त बैंक स्टाफ का आभार प्रकट किया है। उधर बैंक के सह प्रबंधक संजीव कुमार सभी खाताधारकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व जीवन ज्योति बीमार योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया है।

### गणेश विसर्जन पर किए पुख्ता इंतजाम

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** दस दिनों तक शहर में रही गणेशोत्सव की धूम के बाद सोमवार को गणपति बप्पा मोरिया के नारों से पूरा शहर गुंजायमान होने के बाद गणेश मूर्तियों को ब्यास नदी में विसर्जित कर दिया गया। शहर के लगभग हर मोहल्ले से गणेश मूर्तियों की विसर्जन हेतु चार बजे के बाद गाजे-बाजे के साथ भक्त जन अपनी गणेश मूर्तियों के साथ जब सड़कों पर निकले तो सड़कें जाम हो गई। गांधी चौक, स्कूल बाजार, थनेहड़ा व सेरी बाजार में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस के भी पसीने निकल गए। गांधी चौक से लेकर केसरी पुल तक यातायात बंद कर दिया गया था। पुलिस व प्रशासन द्वारा नदी में गणेश मूर्तियों के विसर्जन हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। नदी के पास एसडीआरएफ और पुलिस के जवान तैनात किए हुए थे। इस तरह के इंतजाम मंडी प्रशासन द्वारा कई वर्षों से किया जा रहे हैं क्योंकि लगभग 18 साल पूर्व ऐसे ही विसर्जन के दौरान एक नौजवान नदी में डूब गया था।

### पोस्टर मेकिंग में शिवम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय सुन्नी में रोवर्स रेंजर्स इकाई और भूगोल विभाग के द्वारा विश्व ओज़ोन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।इसके पश्चात् रोवर्स रेंजर्स और भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने ओज़ोन परत के संरक्षण से जुड़ी विभिन्न जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता और नारा लेखन आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में ओज़ोन परत से संबंधित विषयों पर छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया स्नेहा ने द्वितीय एवं हर्षिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने सभी विद्यार्थियों से ओजोन परत के संरक्षण के प्रति सजग रहने की अपील की और कहा कि यह पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।ओज़ोन दिवस का यह आयोजन छात्रों और शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक रहा और सभी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व का बोध कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर सुचित्रा प्रोफेसर मोनिका एवं प्रोफेसर अनिल की देखरेख में किया गया।

## मुख्यमंत्री अब विकास की जगह पैसा न होने की कर रहे बात : अनुराग ठाकुर



अनुराग ठाकुर को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

ब्रह्मपुर गांव में गगरेट भाजपा मंडल सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्यातिथि अनुराग ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिए डोर-टू-डोर डट जाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा की मोदी सरकार की योजना है की आगामी तीन वर्षों में इस रेल ट्रेक को पठानकोट तक जोड़ दें ताकि तलवाड़ा मुकेरियां से जूड़ा जाए। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा की मुख्यमंत्री अब विकास की जगह पैसा न होने की बातें कर रहे है। कांग्रेस ने जनता से बड़े दावे किए थे, सता में आते ही दिया तो कुछ नहीं बल्कि जो पूर्व सरकार ने दिया था वह भी छीन लिया।

इस दौरान प्रदेश भाजपा सचिव एंव पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, चैतन्य शर्मा सहित आदि मौजूद रहे ।

## काव्य वाचन प्रतियोगिता में अनुष्का शर्मा रही प्रथम




कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी तथा अन्य कॉलेज स्टाफ।

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील मे हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लोक साहित्य, संस्कृति और संगीत विषय पर आधारित रहा ।

कार्यक्रम हिन्दी विभाग और संगीत विभाग और साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान से किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जनेश कपूर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथी ने दीप प्रज्वलित कर किया। संगीत विभाग के विद्यार्थियो ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर काव्य वाचन प्रतियोगिता करवाई गई। निर्णायक मंडल की भूमिका प्राध्यापक नमिता के. खागटा, डॉ. विक्रांत संकलानी, डॉ. दिनेश शर्मा ने निभाई।

काव्य वाचन में प्रथम स्थान अनुष्का शर्मा बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान योगिता बीए प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान पारखी बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ उज्वल राठौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। इस उपलक्ष पर सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### जम्मू-कश्मीर व चंबा की सीमा पर गढ़ माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

# फसलों व पशुधन की मांगी रक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जम्मू-कश्मीर व चंबा की सीमा पर गढ़ नामक स्थान पर स्थित चामुंडा माता मंदिर में जातर मेले का आयोजन हुआ। इसमें जिला चंबा के तेलका, सलूणी, किहार, भलेई व जम्मू-कश्मीर की बणी तहसील के 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर उसका आशीर्वाद लिया। फसलों की अच्छी पैदावार, पशुधन की रक्षा व हर प्रकार की बलाओं को दूर रखने वाली चामुंडा (गढ़) माता के परिसर में अश्विन माह की संक्रांति को जातर मेले का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु अपनी मुरादें लेकर आते हैं और मन्नतें पूरी होने पर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



जातर मेले के दौरान मौजूद लोगों की भीड़।

जातर मेले के शुभारंभ पर मेला कमेटी के प्रधान सुरेंद्र राणा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जातर मेले के समापन पर गढ़ माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष डीएस पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि गढ़ जातर मेले पर हिमाचल व जम्मू-कश्मीर के हजारों लोगों की श्रद्धा जुड़ी है और इसे काफी धूमधाम से मनाया जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तेलका क्षेत्र की ओर से खरेड़, च्यूगली व गढ़ मंदिर परिसर में फल, मिठाई व अन्न के लंगर भी लगाए गए थे जबकि जेएंडके की ओर से भी लंगर की व्यवस्था थी।

बॉर्डर एरिया होने के कारण पुलिस थाना किहार की टीम व जेएंडके की पुलिस की टीम तैनात रही। इस मौके पर जातर मेला कमेटी सचिव दर्शन शर्मा, उपप्रधान देविंद्र सिंह, महासचिव प्रकाश शर्मा, पृथी सिंह व नरेण सिंह आदि उपस्थित हुए।

## क्रिकेट टीम चंबा के लिए गेंदबाजों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, पांगी**

जिला चंबा के जनजातीय उपमंडल पांगी में तेज गेंदबाजों की तलाश को लेकर क्रिकेट चंबा की सात सदस्यीय टीम पांगी घाटी पहुंची। इस दौरान पांगी प्रशासन सहित किलाड़ व धरवास स्कूल प्रबंधन के सहयोग से पांगी मुख्यालय किलाड़ स्थित किलाड़ स्कूल के अलावा धरवास में खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखा गया। किलाड़ में एसडीएम एव कार्यकारी आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी का सहयोग रहा। इस दौरान नौ से 32 आयु वर्ग के करीब 100 से अधिक खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

एचपीसीए के अपेक्स मेंबर मनुज शर्मा ने बताया कि उक्त ट्रायल पूरी तरह से सफल रहा। ट्रायल में जितने खिलाड़ियों के आने की उम्मीद थी। उससे कहीं अधिक अधिक खिलाड़ी पहुंचे थे। जिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उनके लिए आने वाले समय में शिविर का आयोजन करवाने का प्रयास रहेगा। स्थानीय प्रशासन व लोगों का सहयोग रहा तो आने वाले समय में पांगी में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए और प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला चंबा के हर कोने में क्रिकेट को लेकर युवाओं में काफी जुनून देखने को मिलता है। इसी तरह पांगी घाटी के युवा भी क्रिकेट को खासा पसंद करते हैं। लेकिन जिला मुख्यालय तक पहुंचना आसान नहीं होने के कारण क्रिकेट खिलाड़ी बनने का सपना संजोए कई खिलाड़ी अपनी इस प्रतिभा को घाटी तक ही सीमित रखते हैं।

यही कारण है कि उपमंडल पांगी में जिला क्रिकेट संघ चंबा की ओर से तेज गेंदबाजों की तलाश की जाएगी। मनुज शर्मा ने पांगी घाटी के क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए हमेशा मेहनत करते रहें, ताकि एक दिन मंजिल तक पहुंचा जा सके। क्रिकेट से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं। पांगी घाटी में डॉ. नरेश के साथ धारवास पंचायत प्रधान अनीता कुमारी व किशन सिंह का सहयोग रहा।

इस अवसर टीम में अपैक्स मेंबर मनुज शर्मा के अलावा अमित कुमार, सुनील कुमार, अक्षय सिंह, राजेश तथा शिमला से शैलेंद्र आदि मौजूद रहे।

## सांप के काटने से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शहर के मुगला मोहल्ले में एक महिला को सांप ने डंस लिया। इससे उसकी मौत हो गई है। महिला की पहचान अनिता देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी मोहल्ला मुगला के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है। अनिता देवी सोमवार सुबह अपने घर के किचन गार्डन में घास काट रही थी। इस दौरान घास में बैठे सांप ने उसके हाथ पर डंक मार दिया।

अनिता कुमारी को बेसुध अवस्था में वाहन के माध्यम से उपचार के लिए मैडीकल कालेज एवं अस्पताल चंबा पहुंचाया। अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने अनिता कुमारी को मृत घोषित करार दे दिया। वहीं मैडीकल कालेज प्रबंधन ने पुलिस को सूचित किया।

## पक्का घर हर व्यक्ति का है सपना : बलराम

**ऊना।** जिला भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व जिला भाजयुमो अध्यक्ष बलराम बबलू ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में 1088 घर स्वीकृत करने के लिए केंद्र सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है।

बबलू ने कहा कि पक्का घर हर व्यक्ति का सपना है और जो वादा प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के साथ किया वो निभाया है, जिसका जीता जागता उदाहरण इतनी बड़ी संख्या में कुटलैहड़ के लिए घर स्वीकृत करना है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में करीब 1088 घर लोगों को मिलने जा रहे जो कि क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के आम लोगों के पक्के घर का सपना काफी हद तक पूरा होने जा रहा है, जो कि भाजपा की सोच है।

## हम सब के लिए सुरक्षा कवच है ओजोन परत : दीपक शर्मा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जडेरा में विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। इको क्लब के सौजन्य से आयोजित किए गए ओजोन दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने की। इस दौरान छात्रों की स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

स्कूल प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने बच्चों को ओजोन परत को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि ओजोन परत वायुमंडल का एक अहम भाग है। जो सूर्य की पराबैंगनी किरणों को सीधे पृथ्वी पर आने से रोकती हैं।

यह परत पृथ्वी पर जीवन के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। इसलिए वर्ष 1987 से 16 सितंबर के दिन को ओजोन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान ईको क्लब प्रभारी सपना महाजन ने बताया कि स्कूल में स्वच्छता पखवाड़े के तहत भी विभिन्न तरह की गतिविधियां करवाई गई। जैसे स्वच्छता अभियान, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना आदि। जिसमें भी छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

**गतिविधियों से बच्चों का होता है मानसिक विकास आगे बढ़ने में मिलती मदद**

स्कूल प्रधानाचार्य का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का मानसिक विकास होने के साथ बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मदद मिलती है।

इस दौरान स्वच्छता पखवाड़े, हिंदी दिवस के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित भी किया गया ओर सभी छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ वहां मौजूद लोगों को भी इसके प्रति जागरूक किया ।

## चंबा-छतराड़ी कूंर के लिए शुरू होगी बस सेवा

**भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के दुर्गम क्षेत्र छतराडी व कूंर के लिए अगले महीने से एक निजी बस सेवा शुरू हो जाएगी।

जानकारी देते हुए प्राइवेट बस के मालिक विजय कुमार व मैहला पंचायत समिति के अध्यक्ष सूरज शर्मा मनु शर्मा ने बताया है कि इस बस सेवा के शुरू होने के बाद यहां के लोगों को एक जगह दूसरी जगह जाने के लिए अब परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

गौरतलब है यहां के लोगों की बरसों पुरानी मांग कि यहां पर दिन को एक नई बस सेवा शुरू की जाए । फिलहाल इस समय इन क्षेत्र के लिए सिर्फ एक ही बस सेवा प्रदान की जा रही है जिसमें कई बार लोग जगह नहीं मिले के कारण परेशान होकर नहीं पहुंच पाते हैं। लिहाजा क्षेत्र के लोगों ने अभी इस नहीं बस सेवा की शुरू होने को लेकर सरकार का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक डॉक्टर जनक राज का भी आभार व्यक्त किया है ।

## अंडर- 19 में ठियोग जोन रहा ओवरऑल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दत्तनगर में आयोजित 68वें जिला स्तरीय अंडर-19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। 13 सितंबर से 16 सितम्बर तक आयोजित जिला स्तरीय अंडर अंडर 19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाना है ताकि प्रदेश की शिक्षा को फिर से उच्च स्तर पर पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निकट भविष्य में लगभग 6200 एनटीटी अध्यापकों की नियुक्ति करेगा। शिक्षा मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दत्तनगर में परीक्षा केन्द्र के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार 38 लाख रुपए के प्राक्कलन के अनुरूप 20 प्रतिशत राशि इसी वित्तीय वर्ष में उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया ताकि इसका टेंडर समय पर किया जा सके। उन्होंने दत्तनगर पाठशाला में अग्रेजी के




विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य।

अतिरिक्त पद की मांग को भी स्वीकृत किया और कहा कि वर्तमान सरकार सभी पाठशालाओं में अग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के लिए वचनवद्ध है।

रोहित ठाकुर ने छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 15 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। 68वां जिला स्तरीय चार दिवसीय अंडर 19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में 15 जॉन के 716 छात्राओं ने भाग लिया। जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में जोन ठियोग ओवरऑल चैम्पियन रहा व अन्य प्रतियोगिताओं के वॉलीबॉल में रोहड़ू विजेता, मशोबरा उप-विजेता, कबडडी में कुप्वी विजेता, नेरवा उप-विजेता, खो-खो में छौहारा विजेता, ठियोग उप-विजेता, बैडमिंटन में रोहड़ू विजेता, देहा उप-विजेता, योगा में शिमला-1 विजेता, ठियोग उप-विजेता, शतरंज में शिमला-1 विजेता, छौहारा उप-विजेता, व मार्च पास्ट में रामपुर ने पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा, अलग-अलग वजन में रेसलिंग भी आयोजित करवाई गई। मुख्यातिथि ने सभी विजेता व उपविजेता पाठशालाओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और सभी विजेता व उपविजेता टीमों की छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाएं दी।



## न्यूज ब्रीफ

### कोर सिंह बने आनी जीआरएस संघ के अध्यक्ष



**आनी।** सोमवार को आनी ब्लॉक जीआरएस संघ की एक विशेष बैठक अध्यक्ष कोर सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक समिति हॉल आनी में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ओम प्रकाश को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया और राज कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं, श्रुति को सचिव, शशि को कोषाध्यक्ष, बाल कृष्ण को मुख्यसलाहकार और राजेंद्र, जोगिंदर और पुष्पा को सदस्य चुना गया। साथ ही बैठक में बाल कृष्ण, कोर सिंह, माठू राम को जिला और राज्य कार्यकारिणी के लिए सर्वसमति से मनोनीत किया गया।

### पतलीकूहल में आज बिजली आपूर्ति बाधित

**पतलीकूहल।** बिजली उपमंडल कटराईं के सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि 33/11 केवी सब स्टेशन नग्गर के अंतर्गत आने वाले 11 केवी रायसन फीडर की आवश्यक मरम्मत और रख-रखाव के कारण फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पतलीकूहल, कटराईं, बशकोला, बाड़ी, जौंग, छानी, ढुआडा व आसपास के लगते क्षेत्रो में आज यानी 17 सितंबर को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा की विपरित मौसम व बारिश होने के कारण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। सहायक अभियंता ने उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग करने का अनुरोध किया।

### बच्चों को साफ-सफाई रखने के लिए किया प्रोत्साहित



**आनी।** आनी के अंतर्गत आने वाले वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुच्छैर में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े का सफलपूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह में एसएमसी के प्रधान हेतराम ने सभी अध्यापकों व छात्रों को बधाई देते हुए निकट भविष्य में भी इस तरह के आयोजन को करवाने का आग्रह किया। स्वछता पखवाड़े के आयोजन में प्रधानाचार्य प्रकाश चंद एवं स्कूल प्रबंधन ने पूरे 15 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार की और साथ ही सभी कार्यक्रमों को समय पर करवाने ओर उसे उपयोगी बनाने के लिए भरसक प्रयास किया। इस दौरान प्रवक्ता योगेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में स्कूल के बच्चों एवं पूरे स्टाफ को इस तरह के सफल आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े में बेहतरीन कार्य करने वालों के लिए पारितोषिक वितरण भी किया गया। इसके साथ ही बच्चों को स्वस्थ रहने और साफ-सफाई रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही जल व जल संसाधनों का सही से उपयोग करने, रख रखाव और आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही जल संरक्षण के बारे में टीजीटी रीना कुमारी ने अहम जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के समस्त अध्यापकगण एवं स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

### 100 युवा सफाई कर देंगे स्वच्छता का संदेश



**कुल्लू।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती, 2 अक्तूबर के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 'माय भारत' के बैनर तले 17 से 2 अक्तूबर तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का आगाज देश में कार्यरत 623 केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। इसमें देश में गठित युवा मंडल स्थानीय इकाई में सहभागिता निभाएंगे। इन कार्यक्रमों में युवा सदस्यों के अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थानों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और सेवा भारती संस्थाओं के साथ-साथ कॉलेज और एनएसएस स्वयंसेवियों सहित 100 युवा भाग लेंगे, जो चिकित्सालय परिसर में सफाई कर आम जनमानस को स्वच्छता का संदेश देंगे। डॉ. लाल सिंह ने कहा कि इसके अतिरिक्त 17 और 18 को युवा मंडल शियाह, 22 और 29 सितंबर को जय काली माता शिरड़ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि सहभागिता टीम की ओर से जिले के 10 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। युवा सलाहकार समिति के सदस्य पंडित नरेश की ओर से बंजार के 10 गांवों में कार्यक्रम करवाए जाएंगे। पूर्व स्वयंसेवी टिंकु, मुकेश, लता, ओम प्रकाश, आरती, अनीता, कौल राम, संजू, राजेश कायथ और हर्षना ने अपने कार्यक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया। डॉ. लाल सिंह, राज्य निदेशक ने बताया कि कुल्लू में 17 को चिकित्सालय प्रबंधन के सहयोग से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न संस्थाओं जैसे कार सेवा दल, प्रतिभा वुमेन वेलफेयर समिति, सहभागिता टीम, एनवाई के स्वयंसेवी, बीआईआईटी संस्थान के प्रतिनिधि और गुरुकुल शिक्षा संस्थान, महिला कल्याण मंडल आदि के सदस्य भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कुल्लू में 5500 किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा गया है, जो सभी संस्थाओं के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इस 15 दिवसीय अभियान के दौरान सफाई अभियान, बौद्धिक कार्यक्रम, ऐतिहासिक और पर्यटक स्थलों तथा महत्वपूर्ण स्थानों के साथ-साथ गांवों के सौंदर्यीकरण और अमृत सरोवरों की सफाई की जाएगी।

## लाहौल-स्पीति में 15000 फुट की ऊंचाई पर सिंचाई के लिए बिछ रही पाइप लाइन

# विधायक ने बर्फबारी के बीच किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

प्रदेश के सबसे ऊंचे स्थान पर पहली बार लाहौल-स्पीति की पट्टन घाटी में जल शक्ति विभाग पानी की पाइप लाइन बिछाने जा रहा है, जिसके सर्वे के साथ-साथ काम भी शुरू कर दिया गया है।

हिमाचल की सबसे ऊंची पहली तांदी सुमनम बहाव सिंचाई योजना के लिए 9132 करोड़ का बजट नाबॉर्ड के माध्यम से स्वीकृत हुआ है। जल शक्ति विभाग लाहौल-स्पीति इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पुरा करने में जीजान से जुट गया है। सोमवार को लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने खंडीप जल सिंचाई योजना का जल शक्ति विभाग के अधिकारियों, तांदी पंचायत के प्रधान एवं स्थानीय लोगों के साथ मिलकर निरीक्षण किया और कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार पट्टन घाटी के खंडिप नाला के पीछे 15 हजार फुट की ऊंचाई से बिछने वाली पाइप लाइन करीब 11 हजार मीटर दूर तक बिछेगी। लाहौल-स्पीति में बिछने वाली इस पाइप लाइन का करीब 5400 फुट काम किया जा रहा है इसके अलावा आगे के सर्वे का काम भी प्रोग्रेस में है। इस वर्ष 3500 मीटर पाइप लाइन बिछाने का टारगेट सेट किया गया है। एसडीओ संजू बोध ने बताया कि यह रबड़ से बनी एचडीपीई (उच्च घनत्व पॉलीइथिलीन) पाइप होगी। इसका डाया 355 एमएम है।



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा पट्टन घाटी में जल शक्ति विभाग पानी की सिंचाई के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन का निरीक्षण करती हुई।

करीब अढाई क्विंटल की 6 मीटर की पाइपों को स्पेन (झूला) के माध्यम से सोर्स तक पहुंचाया जा रहा है, जिसके लिए जल शक्ति विभाग कार्य करवा रहा है। 11 हजार मीटर लंबी सिंचाई परियोजना के लिए 9.32 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसके लिए नाबॉर्ड से बजट स्वीकृत हुआ है। जल शक्ति विभाग खंडिप नाला से पाइप बिछाकर 21 गांवों तक पहुंचाएगा। इन गांवों में अभी तक सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है। लोग प्राकृतिक जलस्रोतों से छोटे-छोटे पाइपों से अपने खेतों में सिंचाई करते थे। इन गांवों की 176 हेक्टेयर भूमि में सब्जियां उगाई जाती हैं, अब इस पाइप लाइन के बिछने से 176 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिसका किसानों को सीधा फायदा होगा।



लाहौल-स्पीति में 15000 फुट की ऊंचाई पर सिंचाई के लिए कुछ इस तरह से बिछाई जा रही है पाइप लाइन।

## 17 से अटल सदन में होगा नाटक द डॉल का मंचन

**कुल्लू।** भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प रंग मंडल शिमला की ओर से विश्व प्रसिद्ध क्रोएशियाई नाटक द डॉल का 28वां वर्ल्ड प्रीमियर हिमाचल के पांच जिलों के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।

कुल्लू के सांस्कृतिक केंद्र अटल सदन में यह आयोजन मंगलवार 17 को दोपहर बाद दो बजे किया जाएगा, जबकि इसी नाटक को 18 को सायं 5:30 बजे मंचित किया जाएगा। इस नाटक को बहुपुरस्कार विजेता क्रोएशियाई नाटककार मीरो गावरान ने लिखा है, जबकि इसका नाट्य रूपांतरण राजस्थान के सौरभ श्रीवास्तव ने किया है। उपरोक्त नाटक द डॉल की विषय वस्तु अत्याधुनिक कृत्रिम कुशलता यानी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संबंध रखती है, जो कि आज प्रत्येक व्यक्ति की जिज्ञासा का केंद्र है और आने वाले समय में सबके जीवन को प्रभावित करने का सामर्थ्य रखती हैं।

# अंडर-19 टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता से बाहर हुई बिहार की टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में राष्ट्रीय स्तर की अंडर-19 टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अपने चरम पर पहुंच चुकी है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने जमकर प्रतियोगिता में भाग लिया।

ये प्रतियोगिता टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के द्वारा की जा रही है। इस दौरान प्रतियोगिता में भाग देने आई बिहार की टीम को आयोजनकर्ताओं ने नियमों को भंग करने और आयोजनकर्ताओं से सच को छुपाने के लिए डिसक्वालीफाई कर दिया है। आयोजनकर्ता प्रेसिडेंट गोपाल शर्मा, सेक्रेटरी पंकज कुमार, एग्जीक्यूटिव मेंबर पवन कुमार, जनरल मेंबर केहर सिंह का कहना है कि उन्हें जब पता चला कि बिहार की टीम में 19 वर्ष से ऊपर के खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं, जो कि प्रतियोगिता की नियमों के खिलाफ है, तो ऐसे में सभी खिलाड़ियों की सही उम्र की जांच के लिए खिलाड़ियों को बुलाया गया, मगर इस दौरान कुछ खिलाड़ियों ने अपनी व्यतिगत जानकारी और आधार कार्ड को दिखाने से मना कर दिया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार इस प्रतियोगिता में 19 या



19 वर्ष के कम आयु के खिलाड़ी ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने बिना किसी को सूचना दिए प्रतियोगिता में 19 वर्ष से ऊपर के उम्रदराज खिलाड़ियों को खिलाकर प्रतियोगिता की गरिमा को भंग किया है, जिसके परिणाम स्वरूप आयोजनकर्ताओं ने सर्वसम्मति के साथ निर्णय लेते हुए बिहार की टीम को प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। आयोजनकर्ताओं ने इस कार्रवाई से जता दिया है कि प्रतियोगिता में नियमों को लेकर आयोजनकर्ता गंभीर हैं और प्रतियोगिता के नियम सभी के लिए बराबर हैं और किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जाएगा।

# लेह पद यात्रियों के घाव पर लगाया मरहम

## पर्यटन नगरी मनाली पहुंचते ही जगह-जगह हुआ सोनम वांगचुक का स्वागत

**कमलेश वर्मा, केलांग**

पर्यावरण विद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा कि हम लेह से दिल्ली के लिए शांतिपूर्ण पदयात्रा पर हैं।

उन्होंने कहा कि लेह पद यात्रियों के घाव पर हिमाचल वासियों ने मरहम लगाकर सभी का हौंसला बढ़ाया है। सोनम वांगचुक ने कहा कि जो लद्दाख यूटी प्रशासन को देना चाहिए था वो पड़ोसी राज्य हिमाचल दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरचू से मनाली तक जो प्यार व समर्थन उन्हें मिला है, उससे उनका होंसला दोगुना हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले शुरू के 11 दिन उनके कठिनाई में बीते। बार-बार मांग करने के बाद भी लद्दाख यूटी प्रशासन ने उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई। बड़े-बूढ़े, औरतें हमारें साथ थीं। हमारे पास कोई चिकित्सा सुविधा नहीं थी, लेकिन हम जैसे ही हिमाचल प्रदेश में आए हैं, तब से यहां सिक्योरिटी ऑफिसर, एंबुलेंस, डॉक्टर हमारे साथ हैं। आज मनाली पहुंचने पर जगह-जगह उनका लोगों ने दिल से स्वागत किया। ये सोचने वाली बात है कि क्यों लद्दाख प्रशासन को अपने नागरिकों की चिंता नहीं है। इससे पहले समाजसेवी एवं पर्यटन कारोबारी राकेश रावत ने मनाली पहुंचने से पहले वशिष्ठ चौक में लेह के पद यात्रियों का खतक पहनाकर स्वागत किया। राकेश रावत ने चाय-पान की व्यवस्था कर सभी का मनोबल बढ़ाया। बंगचुक ने समाज सेवी राकेश का आभार जताया। माल रोड पहुंचने पर मनाली वासियों ने वांगचुक का स्वागत किया व मनाली गोंपा में सभी यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मंगलवार को यह यात्रा मनाली के डोभी पहुंचेगी। (अनंत ज्ञान)




पर्यावरण विद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक मनाली में व साथ हैं अन्य।

## लाहौल में आज से चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में आज पंचायत भवन युरनाथ में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ मुख्यातिथि डीसी लाहौल स्पीति राहुल कुमार द्वारा 11:30 बजे पंचायत भवन युरनाथ में किया जाएगा। एसडीएम एवं परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण केलांग रजनीश शर्मा ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ स्वच्छता शपथ लेने के साथ होगा। तत्पश्चात पौधरोपण व अन्य स्वच्छता संबंधी गतिविधियां तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यालय अध्यक्षों से स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ अवसर पर सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

# कुपोषित बच्चों की वृद्धि निगरानी के लिए फोर्टनाइट मॉनिटरिंग प्लान तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में सितंबर में चल रहे पोषण माह में महिलाओं, बच्चों व किशोरियों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए महिला एवं बाल विकास द्वारा जिले में खंड स्तर व आंगनबाड़ी स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

केलांग मुख्यालय में डाइट चार्ट प्रिंटेड मग कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में डीसी राहुल कुमार ने बताया कि इस दिशा में अति कुपोषित बच्चों की वृद्धि निगरानी करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से फोर्टनाइट मॉनिटरिंग प्लान तैयार किया गया है। लिहाजा पोषण माह अभियान के तहत अति कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को बाल विकास परियोजना अधिकारी, वृत पर्यवेक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से एनआरसी अनुमोदित आहार चार्ट प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डाइट चार्ट्स आईसीडीएस लाभार्थियों के साथ पहले ही शेयर किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त डाइट चार्ट प्रिंटेड मग (कप) भी कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को दिए जाएंगे, ताकि मग का प्रयोग करते हुए बच्चों का डाइट प्लान अभिभावकों को स्मरण रहे। डाइट चार्ट व मग प्रदान करने के साथ बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों के साथ परामर्श सत्र का आयोजन किया जाएगा। मौके पर बच्चों की हाइट व वेट लेकर ग्रोथ स्टेटस माता-पिता व अभिभावकों के साथ शेयर किया जाएगा तथा 15 दिनों तक डाइट प्लान का अनुसरण करने के लिए निर्देश दिए जाएंगे। डीसी ने बताया कि 15 दिनों के अंतराल के पश्चात पर्यवेक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा पुनः बच्चों का हाइट व वेट लेकर ग्रोथ स्टेटस का आकलन किया जाएगा।




लाहौल-स्पीति में सितंबर में पोषण माह में डाइट चार्ट प्रिंटेड मग कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को प्रदान करने आयोजित बैठक में डीसी राहुल कुमार व अन्य अधिकारी।

# 20 सितंबर को अपंगता पहचान के लिए आएं आनी

**अनंत ज्ञान, आनी**

अपंगता पहचान के लिए 20 सितंबर को आनी के सिविल अस्पताल में बहु विशेषज्ञ शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम आनी नरेश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम नरेश वर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग शिविर में भाग लेने से पहले लोकमित्र केंद्र में पंजीकरण करें, ताकि शिविर के दिन लोगों को विशेषज्ञों की सेवा लेने में आसानी हो सके। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि शिविर में 5 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी, जो लोगों में विभिन्न प्रकार की अपंगता की पहचान करेगी। इस दौरान उन्होंने मरीजों के पंजीकरण के लिए भी



स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग, कल्याण विभाग को उचित दिशा-निर्देश जारी किए। पुलिस विभाग को भी शांति और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। शिविर को सफल बनाने के लिए रेड क्रास सोसायटी के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों के ठहरने आदि की सुविधा पर भी विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। इन सभी कमेटियों को शिविर को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# कुल्लू कॉलेज में गणित के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में राजकीय महाविद्यालय के सभागार में गणित विभाग के द्वारा अंतर समीकरणों पर 5 दिवसीय राष्ट्रीय गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य वास्तविक दुनिया की घटनाओं को समझने में अंतर समीकरणों के महत्व का पता लगाना है। इस कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंदीप शर्मा ने किया। डॉक्टर मंदीप ने कार्यशाला में आज की दुनिया में गणित के महत्व पर जोर दिया। वहीं, इस कार्यशाला में गणितज्ञ प्रो. कपिल के शर्मा, एनआईटी जालंधर से डॉ. आर शिवराज ने भी भाग लिया। डॉ. संतोष कुमार ने इस कार्यशाला का समन्वय किया। डॉक्टर संतोष ने बताया कि इस कार्यशाला में आईआईटी और एनआईटी के छह विशेषज्ञ अंतर समीकरणों और उनके अनुप्रयोगों पर अपने ज्ञान को साझा करेंगे। वहीं, कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागी भी वास्तविक दुनिया की घटनाओं के मॉडलिंग में अंतर समीकरणों की भूमिका के बारे में जानेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य गणितज्ञों और शोधकर्ताओं के बीच सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। ऐसे में छह दिनों तक इस कार्यशाला में अपने अनुभव सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे।






**विडंबना** अंडर-12 बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता नहीं करवाने पर प्राथमिक शिक्षा संघ खफा, दो साल में नियमित करने की रखी मांग

# प्राथमिक शिक्षकों के 3000 पद रिक्त, शिक्षकों को किया जा रहा प्रताड़ित

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में सोमवार को प्राथमिक शिक्षा संघ कल्लू की प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष इंद्र ठाकुर ने बताया कि पूरे प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों के 3000 पद रिक्त पड़े हुए हैं, जबकि कुल्लू में ही 300 पद रिक्त पड़े हुए हैं, हाल ही में 60 अध्यापकों की नियुक्ति हुई है।

इंद्र ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। वर्तमान समय की बात की जाए तो प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं नहीं करवाने का जो फैसला शिक्षा सचिव ने लिया है, वो सरासर गलत है। उन्होंने अंडर-12 खेलकूद प्रतियोगिताएं नहीं करवाने पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूल के बच्चों और अधयापकों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता बहुत मायने रखती है और इन प्रतियोगिताओं का इंतजार शिक्षकों के साथ-साथ प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को रहता है। उन्होंने बताया कि प्राइमरी में खंड स्तर की प्रतियोगिता में प्राथमिक शिक्षक अपनी जेब से सहयोग करते हैं। इसी तरह से केंद्र स्तर की टूर्नामेंट, जॉन स्तर की टूर्नामेंट में प्राथमिक शिक्षक अपनी जेब से योगदान देते हैं। खंड स्तर की प्रतियोगिता के लिए विभाग की तरफ से मात्र 90 हजार का बजट दिया जाता है, जबकि सभी को पता है कि खंड स्तर की प्रतियोगिता में करीब 5 लाख रुपए तक का खर्चा आता है। इंद्र ने प्राथमिक अध्यापकों को 2 साल के अंदर नियमित करने की योजना को दोबारा बहाल करने की मांग की इसके साथ ही पूरे प्रदेश में मर्ज किया जा रहे स्कूलों को वहां की भौगोलिक परिस्थितियों को देखकर मर्ज करने की बात कही न की सिर्फ संख्या देखकर। (अनंत ज्ञान)




पत्रकार वार्ता को संबोधित करते प्राथमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष इंद्र ठाकुर एवं अन्य।

### मांगे न मानी तो 21 को होगा धरना-प्रदर्शन

**इंद्र** ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग अभी भी अपने लिए गए निर्णय पर कायम रहता है, तो आगामी 21 सितंबर को पूरे हिमाचल के अंदर और विशेष रूप से कुल्लू के अंदर सभी प्राथमिक शिक्षक धरना-प्रदर्शन करेंगे और यह सांकेतिक धरना-प्रदर्शन केवल एक दिन का नहीं होगा, बल्कि यह प्रदर्शन भूख हड़ताल से लेकर आमरण अनशन तक तब्दील हो जाएगा, ऐसे में जो गंभीर परिणाम होंगे, उसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री सुखमनी कॉलेज डेराबस्सी में कुछ ही सीटें बाकी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** श्री सुखमनी ग्रुप ऑफ इंस्टिचियूटस एक सर्वोत्तम एजुकेशनल ग्रुप के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें डेंटल साईंस (बी.डी.एस.), नर्सिंग (एम.एस.सी./ बी.एस.सी./ पोस्ट बेसिक/ जी.एन.एम.), लॉ, इंजीनियरिंग, वोकेशनल, मैनेजमैंट, हॉस्पिटैलिटी, बी.टैक, कम्पयूटर साइस, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रॉनिक व कम्युनिकेशन, इंफॉरमेशन टैक्नोलोजी और मकैनिकल इंजीनियरिंग, बीएससी एमएलटी-1 एम.एससी. एम एल टी, बीएससी (रेडियोलॉजी इमेजिंग एवंटेक्नोलॉजी), बीएससी (चिकित्सा प्रौद्योगिकी - एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन टेक्नोलॉजी) बी. फार्मेसी/डी. फार्मेसी के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के लिए दाखिले शुरू हो चुके हैं। दाखिले हेतु केवल कुछ ही सीटें बाकि बची है। श्री सुखमनी गुरप ऑफ इंस्टिचियूटस विद्यार्थियों को घर जैसा वातावरण उपलब्ध करवाते हैं, जहां पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियां जैसे इमैजीनेटिव स्टॅडी, क्रिएटिव रिसर्च, गेम्स, आर्ट एंड क्राफ्रट और स्पोर्टस आदि की भी सुविधा है। मैनेजमैंट और अन्य सभी इंस्टिचियूट में फैक्लटी व स्टाफ इतना उत्तम और तर्जुबेकार है जो विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपना कैरियर बनाने के लिए जरूरी अन्य चीजों में भी निपुण बनाने के लिए मदद करते हैं। स्टुडेंटस को नैशनल और इंटरनैशनल स्टैंडर्ड की टीचिंग के अनुसार पढाया जाता है। श्री सुखमनी गुरप ऑफ इंस्टिचियूटस एक प्रतिष्ठित एजुकेशनल ग्रुप है। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब पुलिस की नेटवर्क को तोड़ने को लेकर बड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने नशा तस्करों, गैंगस्टरों और आतंकियों के नेटवर्क को तोड़ने को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के इंटरनल सिक्योरिटी विंग ने अढ़ाई साल में 1673 ऐसे मोबाइल की पहचान की थी, जो अपराधियों द्वारा प्रयोग किए जा रहे थे। ऐसे में इन सभी मोबाइल के आईएमईआई नंबर और 475 मोबाइल नंबर ब्लॉक करवाए गए हैं। इसके अलावा 6500 के करीब सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है ताकि आरोपी इनका प्रयोग न कर पाए। पंजाब पुलिस के आईजी हेडक्वार्टर सुखचैन सिंह ने यह जानकारी दी। इस समय अवधि में सरकार ने 29152 एफआईआर दर्ज हुई है। जिसमें 39840 आरोपी पकड़े गए। इस दौरान 3581 कॉमर्शियल कैटेगरी के केस दर्ज कर 5856 बड़े तस्कर पकड़े गए है। कॉमर्शियल कैटेगरी की एफआईआर एसटीएफ के थाने में सबसे अधिक दर्ज हुई है।

### मेयर ने सामुदायिक केंद्र जनता को किया समर्पित




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने आज एमसी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति में दादूमाजरा कॉलोनी में पुनर्निर्मित सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, मेयर ने कहा कि इस सामुदायिक केंद्र की कार्यक्षमता और सौंदर्य अपील को बढ़ाने के लिए कुल 43 लाख रुपए के खर्च पर व्यापक नवीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यापक नवीनीकरण ने इन मुद्दों को संबोधित किया है, जिसमें नई फॉल्स सीलिंग, खिड़कियों और दरवाजों को मजबूत ग्लास से अपग्रेड करना, दीवार पर टाइल लगाना और पर्दे, ऐक्रेलिक पेंटिंग, चारदीवारी की रेलिंग, शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण, वायरिंग के साथ-साथ अन्य विद्युत कार्य और प्लास्टरिंग कार्य शामिल हैं। चारदीवारी के आसपास. एक नई खुली रसोई का निर्माण किया गया है, जिससे चल रहे आयोजनों में खलल डाले बिना इसका उपयोग किया जा सकता है।

### मस्जिद पर पत्थरबाजी के आरोप में वीएचपी के 5 सदस्य धरे



**कर्नाटक।** कर्नाटक के मंगलुरु में रविवार रात को मस्जिद पर पत्थरबाजी करने के आरोप में पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के 5 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। यह घटना मंगलुरु के बाहरी इलाके में मौजूद कटिपल्ला 3 ब्लॉक की बद्रीया मस्जिद पर हुई। बताया जा रहा है कि इस घटना में शामिल सदस्य रात के समय बाइक पर सवार होकर आए थे। हमले में मस्जिद की खिड़कियों के कांच टूट गए हैं.। पुलिस ने बताया कि 4 हमलावर दो बाइक पर सवार होकर मस्जिद के पास पहुंचे थे।

### 19 और 20 को होगी वक्फ संशोधन पर बैठक

**नई दिल्ली।** वक्फ बोर्ड की शक्तियों की सीमित करने के उद्देश्य से लाए गए वक्फ संशोधन बिल को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा गया है। इसे लेकर जेपीसी की अब तक चार बैठकें हो चुकी हैं। जेपीसी की ओर से आम जनता से वक्फ संशोधन बिल को लेकर उनके सुझाव मांगे गए थे। जेपीसी के सामने अब तक करीब 84 लाख सुझाव ईमेल के जरिए आ चुके हैं और 70 बॉक्स लिखित सुझावों से भरे हुए भी आए हैं।

### इराक में तीन आईएस आतंकवादी मार गिराए

**बगदाद।** इराक के उत्तरी शहर किरकुक में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गए। किरकुक पुलिस ने समाचार एजेंसी को बताया कि इराकी सुरक्षाबलों ने रविवार को बगदाद से लगभग 250 किमी. उत्तर में किरकुक के एक पड़ोस में मोटरसाइकिल पर विस्फोटक बेल्ट पहने दो आईएस आतंकवादियों को घेर लिया। सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों से संघर्ष किया और उन्हें मार गिराया। सुरक्षाबलों ने उसी पड़ोस में विस्फोटक बेल्ट पहने एक तीसरे आईएस आतंकवादी को अलग से मार गिराया।

### पापुआ न्यू गिनी में हिंसा, 20 से अधिक लोग मारे गए

**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी में अवैध खननकर्ताओं के बीच हिंसा में 20 से 50 लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र की सरकार के अनुसार यह हिंसा कुछ दिनों पहले शुरू हुई थी और पोर्गेरा घाटी में अब भी जारी है। यह जगह मई में हुए एक भू-स्खलन वाले स्थान के पास स्थित है। इस भू-स्खलन की घटना में दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

## डेंगू को नियंत्रित करने में हितधारकों की अपेक्षित भूमिकाओं पर प्रकाश डाला

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा की अध्यक्षता में आज डेंगू की रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा करने और विभिन्न विभागों के बीच बहु-क्षेत्रीय समन्वय को बढ़ावा देने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए मलेरिया विंग द्वारा संचालित गतिविधियों को रेखांकित करने के लिए एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में नवाचारों, सर्वोत्तम प्रथाओं, यूटी चंडीगढ़ और पड़ोसी क्षेत्रों में वर्तमान डेंगू की स्थिति और डेंगू को नियंत्रित करने में हितधारकों की अपेक्षित भूमिकाओं पर प्रकाश डाला गया।

वर्तमान मौसम के दौरान डेंगू से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के लिए हितधारकों के बीच एक समन्वय तंत्र पर भी चर्चा की गई। सलाहकार ने स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया विंग और नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) के एमओएछ विंग को फील्ड ऑपरेशन में सहयोग करने और संबंधित उप-नियमों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक ने मच्छर जनित स्रोतों की पहचान करने और उन्हें समाप्त करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किए जाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य सचिव ने अपने-अपने क्षेत्रों में आवास आवंटन कार्य निरीक्षकों के साथ समन्वय करके स्थायी रूप से बंद और खाली घरों में मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए समाधान प्रस्तावित किए।

प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा ने सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे बढ़ते डेंगू के खतरे से निपटने में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें, खासकर पंचकूला और मोहाली जैसे पड़ोसी जिलों में बढ़ते मामलों के मद्देनजर।

विभागों ने उपचारात्मक कार्यों को प्राथमिकता देने और वेक्टर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने और रोकने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प लिया। चंडीगढ़ प्रशासन के प्रमुख हितधारक विभागों से कुल 38 प्रतिभागियों ने बैठक में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेशवासियों को जन्मदिवस पर सीएम धामी ने दी अनेक सौगातें



**जगदीश शर्मा, देहरादून**

राज्य में प्रतिमाह 100 यूनिट तक विद्युत खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी देगी धामी सरकार। उच्च हिमालयी क्षेत्रों के लिए यह मानक 200 यूनिट तक रहेगा। यह सुविधा 01 किलोवाट तक विद्युत भार वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी।

इस योजना का लाभ लगभग 11 लाख 50 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने जन्म दिवस के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को अनेक सौगात दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पिटकुल की एडीबी वित्त पोषत 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन 5 परियोजनाओं में 220 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन सेलाकुई एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन आराघर एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन लोहाघाट एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य, 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन धौलाखेड़ा एवं संबंधित लाईन के निर्माण कार्य तथा 132 के.वी जी.आई.एस सब स्टेशन खटीमा द्वितीय और संबंधित लाइन के निर्माण कार्य शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन युवा संकल्प दिवस के रूप में पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम सहित प्रदेश भर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और हवन के साथ मुख्यमंत्री की दीर्घायु तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई। विभिन्न संगठनों के तत्वावधान में सभी जिलों में खेलकूद प्रतियोगिताएं, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अन्य राजनेताओं ने मुख्यमंत्री धामी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री धामी ने आज सबसे पहले शासकीय आवास पर अपनी माताजी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आज चंडीगढ़ महिला कांग्रेस ने सैक्टर 35 में स्थानीय अध्यक्षा नंदिनी हुड्डा के नेतृत्व में भारतीय महिला कांग्रेस का 40वां स्थापना मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सांसद मनीष तिवारी और कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने की। इस अवसर पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव नीतू वर्मा खास तौर पर मौजूद थीं।

मनीष तिवारी ने कहा कि जब प्रशासन शहर में नई बेस्ड चेंजज पर हर मांग खारिज करता है, उद्यमियों और व्यापारियों को भारी भरकम पेनल्टी लगाने के नोटिस भेजता है या गरीबों को आवंटित मकानों को मालिकाना हक नहीं देता है तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान महिलाओं को होता है। उन्होंने प्रशासन फ़ैसले लेते समय मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखने का आग्रह किया।

## खालसा कॉलेज में टैलेंट हंट-2024 का आयोजन



**अनंत ज्ञान, मोहाली**

खालसा कॉलेज(अमृतसर) ऑफ टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस स्टडीज, फेस 3ए में टैलेंट हंट-2024 प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ हरीश कुमारी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर उत्साहपूर्ण तरीके से भाग लिया और अपनी कला को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत कर अपने अध्यापकों से प्रशंसा बटोरी। कॉलेज परिसर में आयोजित टैलेंट हंट-2024 के अंतर्गत कॉलेज विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की रोचक व मनोरंजक प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, लैंडस्केपिंग पेटिंग्स, सिंगिंग डांस, नेचर फोटोग्राफी, कविता जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थी। कार्यक्रम का समापन पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रिंसीपल डॉ हरीश कुमारी ने सराहना की।

### भाजपा का सदस्यता अभियान प्रभारी परनामी ने किया शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पार्टी के आधार को मजबूत करने के लिए चंडीगढ़ भाजपा के सदस्यता अभियान प्रभारी अशोक परनामी ने आज चंडीगढ़ में अपने तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत की। राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने सेक्टर 37 से सदस्यता अभियान की शुरुआत की। लोगों से 8800002024 पर मिस्ड कॉल या मोबाइल एप्लीकेशन या वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन फॉर्म भरवाए गए।

इस अवसर पर सदस्यता अभियान प्रभारी अशोक परनामी ने कहा, 'भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, क्योंकि इसके सदस्यों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमारे उत्साहित पार्टी कार्यकर्ता और नेता इस महाअभियान में लोगों को शामिल करने के लिए घर-घर जा रहे हैं।' इस अभियान के दौरान पार्टी चंडीगढ़ में 35 हजार सदस्य बना चुकी है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम शुरू

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के अंतर्गत भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने मानव उपभोग के लिए खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, वितरण, भंडारण, खुदरा और थोक व्यापार में शामिल खाद्य व्यवसाय संचालकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के तहत, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और सफाई मानकों के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए एफबीओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, मिड-डे मीलकार्यक्रम के तहत भोजन तैयार करने और परोसने में लगे रसोइयों और सहायकों को भी प्रशिक्षण से गुजरना आवश्यक है। अजय चगती, आईएएस, सचिव स्वास्थ्य-सह-आयुक्त खाद्य सुरक्षा की अध्यक्षता में, यह निर्णय लिया गया कि यूटी चंडीगढ़ का खाद्य सुरक्षा प्रशासन, भारत सरकार के एफएसएसएआई द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रम के तहत, चंडीगढ़ भर के सरकारी स्कूलों में भोजन तैयार करने और परोसने में शामिल सभी 900 एमडीएम कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित और प्रमाणित करेगा। (अनंत ज्ञान)

# देश-विदेश

## स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा भारत की सौर क्रांति का अध्याय : मोदी

**एजेंसी, गांधीनगर**



**पीएम** नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में 'वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक बैठक एवं प्रदर्शनी' (री-इनवेस्ट 2024) के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में देश की तेज प्रगति के लिए हर क्षेत्र और कारक पर ध्यान देने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा कि न केवल देशवासियों बल्कि पूरी दुनिया को लगता है कि भारत 21वीं सदी के लिए सबसे अच्छी जगह है।

'पहले 100 दिन (केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के) में आप हमारी प्राथमिकताओं, गति और पैमाने को देख सकते हैं। हमने देश की तेज प्रगति के लिए जरूरी हर क्षेत्र और कारक पर ध्यान देने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा कि भारत की विविधता, पैमाना, क्षमता, संभावना और प्रदर्शन अद्वितीय है और यही कारण है कि मैं वैश्विक अनुप्रयोग के लिए भारतीय समाधान कहता हूं। भारत अगले 1,000 वर्षों के लिए वृद्धि का आधार तैयार कर रहा है और हमारा ध्यान केवल शीर्ष पर पहुंचने पर नहीं, बल्कि इस स्थान को बनाए रखने पर है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों ने देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जब 21वीं सदी का इतिहास लिखा जाएगा, तो भारत की सौर क्रांति का अध्याय स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

### 'सूर्य घर' योजना के लाभार्थियों से बातचीत की

**पीएम** मोदी ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' के लाभार्थियों से सोमवार को बातचीत की। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10 बजे वावोल स्थित शालीन-2 सोसायटी पहुंचे और उन्होंने वहां के ऐसे कई निवासियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने 29 फरवरी को शुरू की गई केंद्र सरकार की 75,021 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगाए हैं। प्रधानमंत्री इस आवासीय परिसर में करीब 20 मिनट तक रुके। इस योजना का उद्देश्य घरों की छतों पर सौर पैनल लगाकर आवासीय परिवारों को स्वयं बिजली पैदा करने में सक्षम बनाना है। दो किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

### मोदी 3.0 के 100 दिन: टैक्स छूट और यूपीएस से मध्यम वर्ग को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए कार्यकाल के पहले 100 दिन में केंद्र सरकार ने टैक्स छूट और सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन स्कीम लाकर मध्यम वर्गीय लोगों को बड़ी राहत दी है। जुलाई में पेश किए गए आम बजट 2024 में नई टैक्स रिजीम के तहत 10 लाख रुपए तक की आय पर टैक्स को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। नौकरीपेशा लोगों को राहत देते हुए स्टैंडर्ड डिडक्शन छूट को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपए कर दिया गया। फैमिली पेंशन की सीमा को बढ़ाकर 25,000 कर दिया गया।

### मणिपुर के पांच जिलों से इंटरनेट पर बैन हटाया

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने घाटी के पांच जिलों में इंटरनेट पर लगी रोक को सोमवार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। आयुक्त (गृह) एन. अशोक कुमार ने कहा कि सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और इंटरनेट पर लगी रोक को हटाने का फैसला किया। एहतियाती उपाय के तहत 10 सितंबर को जनहित में इंटरनेट पर रोक लगा दी गई थी।

राज्य सरकार ने 13 सितंबर को ब्रॉडबैंड सेवाओं से 'सशर्त' रोक हटा दी थी। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा कि राज्य सरकार ने मणिपुर में इंटरनेट पर लगी किसी भी प्रकार की रोक को हटाने का फैसला किया है।

## बिहार में विवादित झंडा लहराने पर दो लोगों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, सारण**

**बिहार** के सारण जिले की पुलिस ने सोमवार को ईद मिलाद-उन-नबी जुलूस के दौरान अशोक चक्र की जगह 'चांद और तारे' वाला तिरंगा ध्वज फहराने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया है।

सारण पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि एक वीडियो मिला है, जिसमें तिरंगे झंडे में अशोक चक्र के स्थान पर 'चांद तारा' बना हुआ है और यह भारतीय ध्वज संहिता 2002 सहित कई कानूनों का उल्लंघन है। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशीष ने बताया कि एक पिकअप वाहन समेत झंडे को जब्त कर लिया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## म्यांमार में बाढ़ से 113 लोगों की मौत, 64 लापता

**एजेंसी, यांगून**



**म्यांमार** में बाढ़ के कारण 113 लोगों की मौत हो गई, जबकि 64 लापता हैं। म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने यह जानकारी दी।

बाढ़ ने ने-पी-ता, काया राज्य, कायिन राज्य, बागो , मैगवे, मांडले इलाकों समेत मोन और शान राज्य व अयेयारवाडी क्षेत्र को प्रभावित किया है। बाढ़ से 72,900 से अधिक घर और 78,000 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं, जिससे देश भर में 320,000 से अधिक लोगों को अस्थायी आश्रय गृह में पनाह लेनी पड़ी है। वहीं, सरकार प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और बचाव कार्य चला रही है। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का प्रयास भी जारी है। ने-पी-ता सहित देशभर में कुल 34 कस्बे बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। आपदा से 59,413 परिवारों के 236,649 लोग विस्थापित हुए हैं। पीड़ितों के लिए कुल 187 बाढ़ आश्रय स्थल बनाए गए हैं।

## सीबीआई का दावा: गुमराह करने वाले जवाब दे रहा संदीप घोष

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले को एक महीने से अधिक समय हो गया है। पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। वित्तीय अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष पर अब सबूतों से छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया गया है। सीबीआई ने दावा किया कि घोष ने पॉलीग्राफ टेस्ट में हर अहम सवाल का भ्रामक जवाब दिया। उन्होंने आवाज के विश्लेषण के दौरान भी जांच एजेंसी को गुमराह करने की कोशिश की।

### न्याय की मांग को लेकर शिक्षकों ने निकाली रैली




**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या मामले में सोमवार को सैकड़ों शिक्षकों ने रैली निकालकर न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। शिक्षकों ने कॉलेज स्क्वायर से श्यामबाजार तक मार्च निकाला और घटना में शामिल सभी दोषियों की गिरफ्तारी और त्वरित सुनवाई की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि वे (मृतका) हमारी बेटी की तरह है। हम सख्त सजा की मांग करते हैं, सबूत छिपाने के प्रयासों की निंदा करते हैं और इस बात से स्तब्ध हैं कि जांच एजेंसियां अभी तक इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार सभी लोगों की पहचान नहीं कर पाई हैं।

## यूपी में पिकअप की टक्कर से पांच लोगों की गई जान

**एजेंसी, संभल (उप्र)**



**सड़क किनारे बैठे थे सभी**

उत्तर प्रदेश में संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क के किनारे बैठे लोगों को एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में वाहन चालक भी घायल हुआ है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सुबह करीब छह बजे थाना रजपुरा क्षेत्र में भोपतपुर गांव के कुछ लोग सड़क किनारे बैठे थे तभी गवा की तरफ से आ रही पिकअप वैन ने उन्हें टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि वाहन चालक को हिरासत में ले लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना में हताहत हुए सभी नौ ग्रामीण एक ही परिवार से हैं।

### शेयर बाजारों में लौटी तेजी, निफ्टी ने छुआ नया शिखर

## सेंसेक्स 98 अंक चढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**एजेंसी, मुंबई**




स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 98 अंक की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी कारोबार के दौरान रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने में सफल रहा। विदेशी कोषों के निवेश के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार को तेजी मिली। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 97.84 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई 82,988.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 293.4 अंक चढ़कर नए शिखर 83,184.34 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 27.25 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,383.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 89.2 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 25,445.70 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी सबसे ज्यादा 2.44 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस में तीन प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट और एशियन पेंट्स में भी नुकसान रहा।

# भारतीय पुरुष टीम ने अजरबैजान को हराया

**शतरंज ओलंपियाड**

**एजेंसी, बुडापेस्ट**

शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के 5वें दौर में अजरबैजान को 3–1 से हराया। गुकेश ने अइदिन सुलेमानी को और अर्जुन ने रऊफ मामेदोव को हराया।

प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती और शखरियार मामेदियारोव की बाजी भी ड्रॉ रही। लगातार 5वीं जीत के बाद भारतीय पुरुष टीम दस अंक लेकर वियतनाम के साथ शीर्ष पर है। वियतनाम ने पोलैंड को 2.5–1.5 से मात दी। चीन ने स्पेन को और हंगरी ने यूक्रेन को 2.5–1.5 से हराया। नॉर्वे और ईरान 9 अंक लेकर 5वें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के छह दौर अभी खेले जाने हैं। नॉर्वे ने तुर्की को 3–1 से जबकि ईरान ने कनाडा को 3.5–0.5 से हराया। महिला वर्ग में ग्रैंडमास्टर डी हरिका को कजाखस्तान की बीबीसारा असाउबायेवा के खिलाफ अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी। वंतिका अग्रवाल ने अलुआ नूरमैन को हराया जबकि दिव्या देशमुख ने जेनिया बालाबायेवा से ड्रॉ खेला। आर वैशाली ने एम कमालिदेनोवा को मात दी। महिला टीम आर्मेनिया और मंगोलिया के साथ 10 अंक लेकर शीर्ष पर है।

## महिला टीम आर्मेनिया और मंगोलिया के साथ शीर्ष पर



अजरबैजान के अइदिन सुलेमानी के खिलाफ खेलते भारत के डी गुकेश।

## लिरेन ने कहा–विश्व शतरंज के खिताब के लिए गुकेश जीत के दावेदार



**गत** चैंपियन डिंग लिरेन का मानना है कि नवंबर में होने वाले विश्व शतरंज के खिताब के लिए उनके भारतीय चैलेंजर डी गुकेश जीत के दावेदार है क्योंकि पिछले एक साल में उनके खेल में काफी 'गिरावट आई है। लिरेन और गुकेश इस समय यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी की चौकड़ी से सजी भारतीय टीम वर्तमान में लिरेन के चीन और मेजबान हंगरी के साथ शीर्ष स्थान पर है। लिरेन ने कहा, ''मैं अपने प्रतिद्वंद्वी (गुकेश) को इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेलते हुए देख रहा हूं। वह विश्व चैंपियनशिप में शायद मुझ से ज्यादा जीत का दावेदार है। अभी उसकी रेटिंग भी मुझसे अधिक है। पिछले साल के मुकाबले में मेरे खेल में काफी गिरावट आई है, लेकिन मैं रेटिंग के अंतर को पाटने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।''

# हिमाचल प्रदेश टेनिस टी–10 क्रिकेट एसोसिएशन करेगी क्रिकेट को प्रमोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश टेनिस टी–10 क्रिकेट एसोसिएशन जल्द ही ग्रामीण स्तर तक टेनिस क्रिकेट को प्रमोट करेगा और जल्द ही इसके ट्रायल होंगे और एक टीम नेशनल जाएगी। शिमला में अयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष यदुराज ने कहा की क्रिकेट का नया फॉरमेट युवाओं को बहुत ज्यादा पसंद आ रहा है।

हिमाचल प्रदेश की टीम ने इससे पूर्व 2 बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता खेली है और वर्ष 2021 में हिमाचल की टीम पहले जबकि 2022 में दूसरे स्थान पर रही थी। अब हिमाचल को टीम लखनऊ में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लेगी, जिसके लिए ट्रायल जल्द शुरू होंगे। बरसात के कारण इसमें दिक्कत आ रही है और जल्द मौसम साफ होगा और जिन जगहों पर ट्रायल होने है उसके लिए बातचीत चल रही है।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश के युवाओं और क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील कि की नशा एक बहुत बड़ी समस्या बन गया है और क्रिकेट आज हर गली और चौराहे, मैदानों पर क्रिकेट खेला जाता है। हम उम्मीद और आशा करते है कि क्रिकेट के इस नए फॉर्मेट को स्पोर्ट करे क्योंकि इसमें बहुत बड़े अवसर है और आने वाले समय में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।



पत्रकार वार्ता के दौरान टेनिस टी–10 क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य।

## स्पोर्ट्स विंडो

### जुब्बल की बेटी इशानी धौटा ने फतेह किया माउंट एवरेस्ट



**दशमी रावत, जुब्बल।** मन में यदि कुछ करने की इच्छा हो तो कोई भी कार्य मुश्किल या नामुमंकिन नहीं होता है। यही बात सच कर दिखाया है जुब्बल क्षेत्र की कठासू निवासी इशानी धौटा ने। इशानी ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी कर जुब्बल के साथ-साथ देश व प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है। इशानी ने बताया कि उन्होंने यह यात्रा 29 अगस्त को दुनिया के सबसे खतरनाक एयरपोर्ट लुक्ला से शुरू की थी। यात्रा पूरी करने में उन्हें 12 दिन का समय लगा। इस यात्रा का अनुभव साझा करते हुए इशानी धौटा ने बताया कि यह यात्रा पूरी करने के लिए शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ होना बहुत जरूरी होता है। एवरेस्ट की यात्रा के मायने बहुत अधिक है, जिससे पहचानने और आत्म निर्माण में बहुत सहायता मिली।

### स्वीडन से छठी बार हारा भारत

**स्टॉकहोम।** रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए तथा पुरुष युगल के करो या मरो मैच में हार गए जबकि सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी पहले उलट एकल में कोई कमाल नहीं दिखा पाए जिससे स्वीडन ने भारत के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप-1 के इस मुकाबले में 4-0 की अजेय बढ़त हासिल की। भारत शनिवार को दोनों एकल मैच हार गया था और मुकाबले में बने रहने के लिए उसे पुरुष युगल में जीत की जरूरत थी, लेकिन रामकुमार और बालाजी एक घंटे और 19 मिनट तक चले मैच में आंद्रे गोरानसन और फिलिप बर्गेवी से 3-6, 4-6 से हार गए। इस तरह से भारत का स्वीडन के खिलाफ डेविस कप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। यह उसकी स्वीडन के हाथों छठी हार है।

### स्टाइल को लेकर चर्चा में रहती है हरलीन

**नई दिल्ली ।** चंडीगढ़ की रहने वाली हरलीन देओल भारतीय महिला टीम की सदस्य हैं। उन्होंने 2019 में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था। हरलीन मैदान पर चौके-छक्के लगाने में माहिर हैं। इसको लेकर उनकी जमकर चर्चा होती है, लेकिन इससे ज्यादा चर्चा उनकी स्टाइलिस्ट लुक को लेकर भी होती है। अपने स्टाइल को लेकर वे आए दिन चर्चा में बनी रहती हैं।



# टीम इंडिया ने जमकर बहाया पसीना

**एजेंसी, चेन्नई**

रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम के सभी 16 खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले सोमवार को यहां चेपॉक मैदान में अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। टीम के खिलाड़ियों ने रविवार को विश्राम के बाद अपने तीसरे अभ्यास सत्र में भाग लिया। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज का शुरुआती मैच यहां 19 सितंबर से खेला जाएगा।

अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी के लिए दिग्गज विराट कोहली सबसे पहले पहुंचे और उनके पास वाले नेट में युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अभ्यास कर रहे थे। इन दोनों बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की।

इन दोनों के बाद कप्तान रोहित, शुभमन गिल और सरफराज खान बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंचे। सरफराज दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच के बाद टीम से देर से जुड़े हैं। रोहित ने अभ्यास सत्र के दौरान स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की। हरफनमौला रविंद्र जडेजा, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी स्थानीय गेदबाजों और थ्रोडाउन विशेषज्ञों के खिलाफ जमकर बल्लेबाजी अभ्यास की। अभ्यास पिच से गेंदबाजों को अच्छी उछाल मिल रही थी। दो मैचों की सीरीज के शुरुआती मुकाबले से पहले भारतीय टीम दो और अभ्यास सत्र में भाग लेगी। बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ करने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है।

चेन्नई की पिच आमतौर पर स्पिनरों के लिए मददगार होती है और ऐसे में इस बात की काफी संभावना है कि भारतीय टीम तीन स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरे।

तेज गेंदबाजी का जिम्मा जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर होगा जबकि स्पिन विभाग में अश्विन और जडेजा के साथ कुलदीप यादव के अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना है। ऐसी स्थिति में पिछले कुछ समय से अपने हरफनमौला खेल से लगातार प्रभावित करने वाले अक्षर पटेल को बाहर बैठना पड़ सकता है।



चेन्नई में कोच गौतम गंभीर की निगरानी में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच के लिए अभ्यास सत्र में भाग लेते भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी।

## पंजाब एफसी ने केरल ब्लास्टर्स को हराया

**कोच्चि।** पंजाब एफसी ने आखिरी सीटी बजने से ठीक पहले किए गए गोल के दम पर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मौजूदा सत्र के अपने शुरुआती मुकाबले में केरल ब्लास्टर्स को उनके घरेलू मैदान में 2–1 से शिकस्त दी। मैच के तीनों गोल 85वें मिनट के खेल के बाद हुए। पंजाब की जीत में कप्तान व स्लोवेनिया के स्ट्राइकर लुका माजसेन और क्रोएशियाई मिडफील्डर फिलिप मिर्जलजक ने गोल किए।

## रोनाल्डो चैंपियंस लीग मुकाबले से बाहर

**रियाद ( सऊदी अरब )।** फुटबॉल जगत के महानतम खिलाड़ियों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो वायरल होने के कारण अल–शॉर्टा के खिलाफ होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग एलीट टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच के लिए अल–नासर टीम के साथ इराक नहीं गए।

सऊदी अरब क्लब अल–नासर ने आधिकारिक बयान में कहा, 'पुर्तगाल के फॉरवर्ड की तबीयत ठीक नहीं थी और वह वायरल से संक्रमित पाए गए थे'। उन्होंने कहा कि टीम के चिकित्सक ने पुष्टि की है कि रोनाल्डो को फिलहाल आराम करने की जरूरत है। नेशंस लीग में पुर्तगाल के लिए खेलते हुए रोनाल्डो ने हाल ही में क्रोएशिया और स्कॉटलैंड के खिलाफ गोल कर अपने अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या रिकॉर्ड 132 तक पहुंचाई।

# लाहिड़ी लिव गोल्फ शिकागो में संयुक्त छठे स्थान पर रहे

**एजेंसी, बोलिंगब्रूक ( अमेरिका )**

भारत के अनिर्बान लाहिड़ी अंतिम दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर से लिव गोल्फ शिकागो में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे जबकि जॉन राहम ने तीन टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज करते हुए खिताब और व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती।

लाहिड़ी ने अंतिम दौर में चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए। तीन दौर में उन्होंने 67, 71 और 67 के स्कोर से कुल पांच अंडर का स्कोर बनाया।

लाहिड़ी की टीम क्रशर्स ने टीम खिताब जीता। टीम के अन्य सदस्य ब्रायसन डिचेम्ब्यू, पॉल कैसी और डेविड हॉवेल थे। स्पेन के 29 साल के राहम ने अंतिम दौर में बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से रविवार को लिव गोल्फ शिकागो और व्यक्तिगत ट्रॉफी जीती। उनका कुल स्कोर 11 अंडर रहा। राहम से तीन शॉट पीछे टॉर्क जीसी के कप्तान जोकिम नीमैन और फायरबॉल्स जीसी के कप्तान सर्जियो गार्सिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। नीमैन और गार्सिया का कुल स्कोर आठ अंडर रहा।



## शुभंकर शर्मा संयुक्त 42वें स्थान पर रहे



डबलिन। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा आखिरी नौ होल में खराब प्रदर्शन के कारण आयरिश ओपन गोल्फ में एक ओवर 72 का कार्ड खेल कर संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे।
शुरुआती दो दिनों के खेल के बाद शीर्ष 15 में रहे शुभंकर ने कुल चार ओवर 288 का स्कोर बनाया।
उन्होंने चौथे दौर में 12वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और तीन बोगी की।
रासमस होजगार्ड ने इस बीच आखिरी पांच होल में चार बर्डी के साथ जीत के दावेदार स्थानीय खिलाड़ी रोरी मैक्लरॉय को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया।

# कनाडा से हारकर डेविस कप अंतिम आठ में जगह बनाने से चूका ब्रिटेन

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

कनाडा से आखिरी ग्रुप मैच में 2–1 से हारने के बाद ब्रिटेन डेविस कप फाइनल्स के अंतिम–8 में जगह बनाने में नाकाम रहा जबकि नोवाक जोकोविच के शानदार प्रदर्शन से सर्बिया ने अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनाई। ब्रिटेन को कनाडा पर 2–1 से जीत दर्ज करनी थी, लेकिन डेनिस शापोवालोव ने डैन इवांस को 6–0, 7–5 से हराकर उसकी उम्मीदें खत्म कर दी।

फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने इसके बाद जैक ड्रैपर को 7–6, 7–5 से हराया। इंग्लैंड ने आखिरी युगल मैच जीता। ग्रुप डी से कनाडा और अर्जेंटीना अगले दौर में पहुंचे। फिनलैंड भी बाहर हो गया। वालेंशिया में स्पेन ने ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप–बी में 2–1 से हराया।

दोनों टीमें अंतिम–8 में पहुंच चुकी हैं जबकि फ्रांस और चेक गणराज्य बाहर हो गए। बोलोगना में ग्रुप–ए में इटली से 1– 2 से हारने के बावजूद नीदरलैंड ने क्वालीफाई कर लिया। इटली भी अंतिम–8 में पहुंच गया है जबकि ब्राजील और बेल्जियम बाहर हो गए। चीन के जुहाइ में ग्रुप–सी में चिली ने स्लोवाकिया को हराया। अमेरिका और जर्मनी क्वालीफाई कर चुके हैं।



डेनिस शापोवालोव

# स्पेनिश लीग : यमाल ने किए दो गोल से बार्सिलोना ने गिरोना को 4–1 से हराया

**एजेंसी, मैड्रिड**

लामिन यमाल ने दस मिनट से भी कम समय में दो गोल दागकर स्पेनिश लीग सत्र की शुरुआत में बार्सिलोना को लगातार 5वीं जीत दिलाई। यमाल के दोहरे गोल के साथ–साथ दानी ओल्मो और पेड्री के दूसरे हाफ में किए गए गोल से बार्सिलोना ने गिरोना पर 4–1 से जीत हासिल की।

इस जीत से टीम चार अंकों की बढ़त बनाकर तालिका में शीर्ष पायदान पर है। एटलेटिको मैड्रिड ने एंटोनी ग्रीजमैन एवं नए खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज और कॉनर गैलाघर के गोल की बदौलत अंतिम स्थान वाले वालेंसिया को 3–0 से हराया, जबकि रीयल मैड्रिड ने रीयल सोसिदाद पर 2–0 से जीत दर्ज की।

अन्य मैचों में विलारियल ने मैलोर्का पर 2–1 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद टीम एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। ये तीनों टीमें बार्सिलोना से चार अंक पीछे है।

स्पेन के 17 वर्षीय युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमाल के अब इस सत्र में तीन गोल हो चुके हैं। यमाल ने गिरोना के खिलाफ 30वें मिनट और 37वें मिनट में गोल दागे। क्रिस्टियन स्टुआनी ने 80वें मिनट में गिरोना के लिए एकमात्र गोल किया। हालांकि पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने वाले गिरोना ने बार्सिलोना के खिलाफ अपने दोनों लीग गेम जीते थे। वहीं एटलेटिको मैड्रिड की यह लगातार दूसरी और पांच लीग मैचों में तीसरी जीत थी, जबकि वालेंसिया ने अपने सत्र की शुरुआत चार हार और एक ड्रॉ के साथ की है।



गिरोना के खिलाफ गोल करने के बाद खुशी मनाते बार्सिलोना के खिलाड़ी।

**क्रिकेट**

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज गुरुवार से

# वनडे सीरीज में इंग्लैंड का नेतृत्व करेंगे हैरी ब्रूक

**एजेंसी, लंदन**

पिंडली की चोट के कारण जोस बटलर के टीम से बाहर होने के बाद हैरी ब्रूक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। इस साल जून के अंत में गुयाना में भारत के खिलाफ टी–20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड की हार के बाद से बटलर ने कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

इस चोट के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टी–20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन चोट से उबरने में विफल रहने के बाद वह टीम से बाहर हो गए है। 25 साल के ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए सिर्फ 15 वनडे मैच खेले है, लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें भविष्य के कप्तान के तौर पर देखता है। बटलर की अगुवाई में जब वनडे टीम की घोषणा की गई थी तब उन्हें उपकप्तान घोषित किया गया था।



**इंग्लैंड की वनडे टीम।** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्से, जॉर्डन कॉक्स, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जेमी स्मिथ, ओली स्टोन, रीस टॉपले, जॉन टर्नर।

## इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी–20 बारिश की भेंट चढ़ा

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रविवार को यहां बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस तरह से तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर रही। ऑस्ट्रेलिया ने साउथम्पटन में खेला गया पहला मैच 28 रन से जीता था। इंग्लैंड ने कार्डिफ ने खेले गए दूसरे मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज करके सीरीज बराबर की थी। अब इन दोनों टीम के बीच पांच मैच की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसका पहला मैच गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में होगा।